उज्जैन
शनिवार
18
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-255
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▶ 70 करोड़ की ड्रग्स तस्करी में ईडी की एंट्री, इंदौर-मंदसौर में छापे

7 ▶ पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनजोत कालरा श्रीलंका में गिरफ्तार




# भूख हड़ताल पर बैठे वांगचुक को पुलिस अस्पताल ले गई

## 21 दिन से अनशन पर, 9.5 किग्राम वजन घटा, प्रदर्शनकारियों को जंतर-मंतर से हटाया जा रहा

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ नई दिल्ली**

दिल्ली के जंतर-मंतर पर 21 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक को पुलिस शनिवार सुबह सफदरजंग अस्पताल ले गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस का विरोध किया, जिससे वहां हंगामा हो गया। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाया।

वांगचुक पेपर लीक मामले की जांच और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर अनशन कर रहे हैं। उनकी सेहत लगातार गिरती जा रही थी। उनका वजन 9.5 किलो से ज्यादा कम हो गया है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को केंद्र और दिल्ली सरकार को आदेश दिया था कि वांगचुक का रोजाना मेडिकल चेकअप किया जाए और जरूरत पड़ने पर इलाज किया जाए। डॉक्टरों के मुताबिक, वांगचुक का वजन अब तक करीब 9.5 किलोग्राम घट चुका है। शुक्रवार को 24




घंटे के दौरान उनका वजन 350 ग्राम और कम होकर 56.55 किलो रह गया था। वांगचुक के साथ आईसा की नेहा, आमीन और मनीष भी पिछले 21 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। नेहा को गंभीर हाइपोग्लाइसीमिया के कारण अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी गई है, जबकि आमीन और मनीष की तबीयत भी लगातार बिगड़ रही है।

### प्याज की कीमत से भारत में सरकारें गिरती हैं और यहाँ हम बात कर रहे हैं बच्चों के जीवन की -सोनम वांगचूक

कल शाम को जंतर मंतर से सोनम वाँग चूक ने कहा जी हाँ, मैं अभी भी जिंदा हूँ। 20 प्रतिशत लगभग मेरे शरीर का चला गया है। फेट्स के बाद मसकल्स गए हैं और उसके बाद अरेंजस जाएंगे। आखिर में दिमाग यानी डीएलवाय ब्रेद, अभी वो नौबत नहीं आई है। आज 20वां दिन खत्म हो रहा है। चलिए मैं साबित करता हूँ कि मेरा दिमाग अभी भी ठीक है। यहाँ बहुत से लोग हमसे पूछते हैं क्या इस आंदोलन से जवाबदेही आएगी? क्या शिक्षा मंत्री इस्तीफा देंगे आप लोगों के इस आंदोलन से? मैं आप लोगों से पूछता हूँ।
भारत की जनता को अपने बच्चों की जान और जिंदगी यानी कि शिक्षा ज्यादा प्यारी है या प्याज? जी हाँ, प्याज, अब तो आप लोग सोच रहे होंगे इसका तो दिमाग भी गया है। बताता हूँ।
आपको पता है भारत की जनता के आंदोलन की ताकत। तीन बार भारत में सरकारें गिरी। एक बार 1980 में केंद्रीय सरकार गिरी और 98 में दिल्ली की सरकार गिरी और उसी साल राजस्थान की सरकार गिरी। जनता की आंदोलन के वजह से और वो आंदोलन किस बात पे थी? प्याज की कीमत से भारत में सरकारें गिरती हैं और यहाँ हम बात कर रहे हैं बच्चों के जीवन की। 20 से ज्यादा आत्महत्याएं हुई हैं इस साल। और भी होंगे इससे दोगुना-चौगुना अगले सालों में और आपके घर की भी बारी आएगी।
तो क्या इस आंदोलन से एक जवाबदेही तक नहीं लाई जाएगी? क्या एक इस्तीफा नहीं होगी? 20 जुलाई को मेरे साथ संसद की तरफ मार्च कीजिएगा। हमारी ताकत आप ही हैं। वरना मैं कौन होता हूँ? मैं क्या होता हूँ? मैं तो एक अकेला, भूखा, नाचीज इंसान हूँ। आप लोग हैं। जिस संख्या में आप जुड़ेंगे वही ताकत है जिसने प्याज के लिए सरकारों को गिराया है।
हम तो सिर्फ जवाबदेही की बात कर रहे हैं। मिलते हैं 20 जुलाई को। जय हिंद।

#### अभिजीत दिपके ने दिल्ली पुलिस पर

### सोनम वांगचुक और अन्य प्रदर्शनकारियों के साथ बदसलूकी और मारपीट करने का आरोप लगाया






अभिजीत दिपके ने दिल्ली पुलिस पर सोनम वांगचुक और अन्य प्रदर्शनकारियों के साथ बदसलूकी और मारपीट करने का आरोप लगाया।
**सोनम वांगचुक को जबरन ले जाने का आरोप:** अभिजीत दिपके का दावा है कि सुबह करीब 7 बजे दिल्ली पुलिस 60 वर्षीय सोनम वांगचुक को, जो पिछले 20 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे थे, गाली-गलौज करके और घसीटते हुए जबरदस्ती अपने साथ ले गई।
**प्रदर्शनकारियों के साथ मारपीट:** अभिजीत ने आरोप लगाया कि जब वे जंतर-मंतर जा रहे थे, तो पुलिस ने उनके साथ और वहां मौजूद अन्य छात्रों के साथ मारपीट की, उन्हें सड़कों पर घसीटा और लोगों के फोन भी छीन लिए।
**तीखी प्रतिक्रिया और विरोध की अपील:** पुलिस के रवैये पर गुस्सा जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि ₹यह दिल्ली पुलिस नहीं, आरएसएस के गुंडे हैं।₹ इसके साथ ही उन्होंने देश के लोगों से अपील की है कि वे सोनम वांगचुक के समर्थन में अपने-अपने इलाकों में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करें।

### आज से अभिजीत दीपके बैठेंगे भूख हड़ताल पर

अभिजीत दीपके ने भूख हड़ताल शुरू करने की घोषणा की। अभिजीत दीपके आज से भूख हड़ताल पर बैठेंगे। अभिजीत का दावा है कि उनके साथ मारपीट की गई, वह पुलिस की गिरफ्त से भाग कर जंतर मंतर पहुंचे।

- **सोनम वांगचुक की पत्नी का बयान-** सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. आंग्मो ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा कि मेरी और मेरे डॉक्टर की सहमति के बिना सोनम वांगचुक को कोई दवा नहीं दी जानी चाहिए। अंग्मो ने कहा, 'वह सफदरजंग अस्पताल में हैं। मैंने उन्हें मेरी मंजूरी के बिना कुछ भी देने से मना किया है। मेरी मंजूरी के बिना कोई इलाज शुरू नहीं होना चाहिए। अगर कुछ भी होता है, तो मैं सभी को जिम्मेदार ठहराऊंगी।'
- **अब हम पीएम नरेंद्र मोदी के इस्तीफे की मांग करेंगे: अभिजीत दिपके-** कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष अभिजीत दिपके ने कहा, 'अगर उन्हें लगता है कि सोनम सर को ले जाने से यह आंदोलन खत्म हो जाएगा, तो वे गलतफहमी में हैं। हम यहीं रहेंगे और 20 जुलाई को संसद तक मार्च करेंगे।' उन्होंने आगे कहा, 'अब तक हम धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे, लेकिन इस घृणित कृत्य के बाद अब हम पीएम नरेंद्र मोदी के इस्तीफे की मांग करेंगे।'

#### अब हम पीएम नरेंद्र मोदी के इस्तीफे की मांग करेंगे





- **जंतर मंतर जाने वाले सभी रास्ते बंद-** दिल्ली पुलिस ने जंतर मंतर जाने वाले सभी रास्ते बंद कर दिए हैं। पुलिस प्रदर्शनकारियों से जंतर मंतर को खाली करने की अपील कर रही है।
- **केंद्र सरकार पर संजय सिंह का हमला-** आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने कहा, ये क्या गुंडागर्दी चल रही है? मोदी जी ये सत्ता का अहंकार लंबे समय तक नही चलता। जिस युवा पर लठ्ठ चला रहे हो, यही आपका तख्त उखाड़ेगा। एक शख्स सोनम वांगचुक जो पिछले 21 दिनों से आमरण अनशन पर है, उनकी मांगें सुनने के बजाय उसको जबरन गिरफ्तार करके हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया गया।'
- **ये पुलिस नहीं आरएसएस के गुंडे हैं-** कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष अभिजीत दीपके ने कहा, 'सुबह सात बजे जब मैं फ्रेश होने के लिए यहां से निकला, तो पुलिस के गुंडे वहां आए। वे सोनम सर को गालियां देते हुए घसीटकर लेकर गए। 60 साल का एक व्यक्ति, जो 20 दिनों से भूख हड़ताल पर था उन्हें दिल्ली पुलिस जबरदस्ती घसीटकर यहां से लेकर गई। हमें नहीं पता कि कहां लेकर गए हैं। जैसे ही मुझे खबर मिली, मैं जंतर-मंतर आ रहा था, तो पुलिस ने मेरे साथ भी मारपीट की। ये पुलिस नहीं आरएसएस के गुंडे हैं। मैं विदेश से अपने देश वापस आया था, क्या मैं कोई अपराधी हूं? मुझे इन लोगों ने सड़कों पर मारा।'
- **सफदरजंग अस्पताल में कराया गया भर्ती-** सूत्रों के मुताबिक, एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया है। उन्हें इमरजेंसी में भर्ती कराया गया है। वे होश में हैं और उनके वाइटल्स स्थिर हैं। वहीं, नई दिल्ली के डीसीपी सचिन शर्मा ने कहा, 'माननीय हाई कोर्ट के आदेशानुसार और स्वास्थ्य की स्थिति व मेडिकल सलाह के अनुसार सोनम वांगचुक को जरूरी मेडिकल इलाज के लिए यहा से एक उपयुक्त सरकारी अस्पताल में ले जाया गया है और वे अभी मेडिकल निगरानी में हैं।'

### भारतीय नौसेना को मिला एक और एमएच-60आर सीहॉक हेलिकॉप्टर

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ सुरेन्द्रनगर**

भारतीय नौसेना को अमेरिका से एक और अत्याधुनिक एमएच-60आर सीहॉक मल्टी-रोल नौसैनिक हेलिकॉप्टर मिल गया है। अमेरिकी दूतावास ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि पिछले सप्ताह यह हेलिकॉप्टर कोच्चि पहुंचा और इसी सप्ताह दो अन्य हेलिकॉप्टर भी भारत पहुंचने वाले हैं। अमेरिकी दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि लॉकहीड मार्टिन द्वारा विकसित यह अत्याधुनिक हेलिकॉप्टर भारतीय नौसेना की समुद्री निगरानी और युद्धक क्षमता को और मजबूत करेगा। भारत ने फरवरी 2020 में अमेरिका के साथ 24 एमएच-60आर सीहॉक हेलिकॉप्टरों की खरीद का समझौता किया था।

### गुजरात के स्कूल में 147 छात्राएं बीमार

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ सुरेन्द्रनगर**

गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले के एक सरकारी आवासीय स्कूल में शुक्रवार को संदिग्ध फूड पॉइजनिंग से 147 छात्राएं बीमार हो गईं। सभी छात्राओं की हालत फिलहाल स्थिर बताई गई है। उन्हें पेट दर्द, दस्त और उल्टी की शिकायत के बाद अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

मुख्य जिला स्वास्थ्य अधिकारी बी.जी. गोहिल ने बताया कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की 215 छात्राओं में से 147 की तबीयत बिगड़ गई। इनमें से 102 छात्राओं का इलाज चूड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है, जबकि 45 छात्राओं को सुरेंद्रनगर के दो अस्पतालों में रेफर किया गया है। गोहिल ने बताया कि छात्राओं ने गुरुवार रात छात्रावास में सब्जी, भाखरी, खिचड़ी और खीर खाई थी। शुक्रवार सुबह उन्हें पेट दर्द, दस्त और उल्टी की शिकायत शुरू हुई। मामले की जांच के लिए भोजन के नमूने एकत्र कर विश्लेषण के लिए भेज दिए गए हैं।

### एक शादी करने वाला ही मप्र में रहेगा : सीएम यादव

#### राम एक शादी करे तो रहीम चार क्यों, तीन तलाक बोलने वाले सीधे जेल जाएंगे

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ कटनी**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा- मध्यप्रदेश में वही रह पाएगा जो एक ही शादी करेगा। विधानसभा के मानसून सत्र में समान नागरिक संहिता लाएंगे। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को यह ऐलान कटनी में किया। मुख्यमंत्री ने कहा- हिंदुओं और मुसलमानों के लिए अलग-अलग कानून क्यों हों? सबके लिए एक ही कानून होना चाहिए। अगर राम एक शादी करेगा तो रहीम दो या चार शादियां क्यों करेगा? मुस्लिम बहनें भी हमारी बहनें हैं और उनके अधिकारों की रक्षा जरूरी है। सीएम बोले- तीन तलाक का दौर खत्म हो चुका है। अगर कोई 'तलाक, तलाक, तलाक' कहेगा तो उसे जेल जाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि अगली कैबिनेट बैठक में यूसीसी के मसौदे को मंजूरी दी जाएगी।

**अगली कैबिनेट में मंजूरी, फिर विधानसभा में आएगा बिल-** मुख्यमंत्री ने बताया कि भोपाल के जगदीशपुर में होने वाली अगली कैबिनेट बैठक में यूसीसी विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद सरकार इसे विधानसभा के आगामी मानसून सत्र में पेश करेगी। उन्होंने कहा कि इस कानून का उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए समान व्यवस्था लागू करना और भेदभाव खत्म करना है।

## शिवपुरी के नरवर किले से सिंधिया रियासत की 400 साल पुरानी तोपें चोरी

### बदमाश किले की ओपन कचहरी से 16वीं शताब्दी की करीब 3500 किलो वजनी ऐतिहासिक तोप चुराकर ले गए

**ब्रह्मास्त्र ▶▶ शिवपुरी**

मध्य प्रदेश के शिवपुरी के नरवर किले से सिंधिया रियासत की 400 साल पुरानी तोप चोरी हो गई। बदमाश किले की ओपन कचहरी से 16वीं शताब्दी की करीब 3500 किलो वजनी ऐतिहासिक तोप चुराकर ले गए। इंटरनेशनल एंटीक ब्लैक मार्केट में इसकी कीमत 3-5 करोड़ रुपए हो सकती है।

चोरों ने वारदात को पूरी प्लानिंग के तहत अंजाम दिया है। तोप को पहले गद्दों में लपेटा, फिर बैरिंग लगी लोहे की ट्रॉली की मदद से करीब 3 हजार फीट नीचे उतारा। इसके बाद लोडिंग गाड़ी में लादकर फरार हो गए। वारदात 15 जुलाई की रात की है। नरवर किले में सुरक्षाकर्मी ड्यूटी पर तैनात नहीं थे। चोरों ने इसी का फायदा




उठाया। शक है कि वारदात को इंटरनेशनल एंटीक ब्लैक मार्केट से जुड़े लोगों न अंजाम दिया है। किले के बाहर हैवी गाड़ियों के टायर के निशान मिले हैं।

**10 दिन पहले भी की थी चोरी की कोशिश-** जांच में यह भी सामने आया है कि चोरों ने इस चोरी की पूरी तैयारी पहले से कर रखी थी। 4-5 जुलाई की रात बदमाशों ने इसी तोप को उसके मूल स्थान से नीचे गिरा दिया था, लेकिन अत्यधिक वजन होने के कारण उसे वहां से ले नहीं जा सके। घटना के बाद सुरक्षा गार्डों ने नरवर थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी, लेकिन मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। इसके बाद 15-16 जुलाई की रात आरोपी पूरी तैयारी के साथ दोबारा लौटे। इस बार वे बैरिंग लगी लोहे की ट्रॉली लेकर आए और उसी की मदद से तोप को नीचे उतारकर वाहन में भरकर फरार हो गए।

- **अब किले में बचीं सिर्फ 13 ऐतिहासिक तोपें-** नरवर किले की ओपन कचहरी में सिंधिया राजवंश काल की कुल 14 दुर्लभ ऐतिहासिक तोपें रखी थीं। चोरी के बाद अब वहां 13 तोपें ही बची हैं। कचहरी महल का निर्माण 16वीं शताब्दी में कछवाह राजाओं ने कराया था। इसके बाद 1925 में महाराजा माधवराव सिंधिया के आदेश पर इसका जीर्णोद्धार कराया गया। यहां रखी गई सभी तोपें पीतल, तांबा, कांसा और अष्टधातु जैसी मिश्रित धातुओं से बनी हैं। इन पर फारसी और देवनागरी लिपि में शिलालेख भी अंकित हैं।
- **घटनास्थल से मिले कई अहम सुराग-** राज्य पुरातत्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके का निरीक्षण किया। जांच के दौरान घटनास्थल से गद्दे, रजाई, लोहे के पाइप और तोप को घसीटकर ले जाने के निशान मिले हैं। इसके अलावा किले के पिछले दुर्गम रास्ते पर वाहन के टायरों के निशान भी मिले हैं।

#### सुरक्षा गार्डों ने मानी लापरवाही

सुरक्षा गार्ड बालकिशन बाल्मीक ने बताया कि किले पर रात में रुकने की कोई व्यवस्था नहीं है। वहां न टॉर्च उपलब्ध है और न ही अन्य सुरक्षा संसाधन, इसलिए वह रात में अपने घर चला गया था। दूसरे गार्ड शरणलाल जाटव ने भी स्वीकार किया कि घटना के समय वह ड्यूटी पर मौजूद नहीं था। उसने यह भी माना कि हथियारबंद बदमाशों द्वारा लूट की जो कहानी पुलिस को बताई गई थी, वह झूठी थी।

#### 6 गार्ड तैनात, फिर भी हो गई चोरी

नरवर किले की सुरक्षा के लिए कुल छह गार्ड तैनात हैं। इनमें चार गार्ड दिन और दो गार्ड रात की ड्यूटी करते हैं। घटना वाली रात दोनों रात के गार्ड ड्यूटी छोड़कर घर चले गए थे। इसी वजह से चोरों को ऐतिहासिक तोप चोरी करने का मौका मिल गया।

#### पुलिस और पुरातत्व विभाग की जांच जारी

राज्य पुरातत्व विभाग के डिप्टी डायरेक्टर तरुण कुमार महोबिया ने बताया कि ऐतिहासिक तोप चोरी होने के पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं। पुलिस के साथ संयुक्त जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि मामला बेहद गंभीर है। सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया जाएगा। वहीं नरवर थाना प्रभारी विनय यादव ने बताया कि जांच में सुरक्षा गार्डों की लापरवाही सामने आई है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। साथ ही चोरी में इस्तेमाल किए गए वाहन और आरोपियों तक पहुंचने के लिए घटनास्थल से मिले साक्ष्यों की जांच की जा रही है।

### राहुल गांधी की देहरादून में 8 हजार स्टूडेंट्स से बातचीत

**देहरादून।** देहरादून के बन्नू स्कूल ग्राउंड में आयोजित कांग्रेस के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पेपर लीक, भर्ती व्यवस्था और युवाओं के भविष्य को सबसे बड़ा मुद्दा बनाया। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक फीसदी लोग पेपर लीक का रास्ता अपनाते हैं, लेकिन इसकी कीमत 99 फीसदी ईमानदार और गरीब युवाओं को चुकानी पड़ती है। राहुल ने कहा कि मीडिया शादी और चीते की बात करेगी, लेकिन पेपर लीक जैसे मुद्दों पर चर्चा नहीं होगी। राहुल गांधी ने कहा कि देश का मौजूदा टेस्टिंग सिस्टम पुराना हो चुका है और तकनीक के बेहतर इस्तेमाल से पेपर लीक जैसी घटनाओं पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया में बदलाव और परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित व पारदर्शी बनाने की जरूरत बताई, ताकि मेहनत करने वाले युवाओं को न्याय मिल सके।

### भारत ने जापान के संयुक्त बयान पर पाकिस्तान की आपत्ति ठुकराई

**नई दिल्ली।** भारत ने भारत-जापान संयुक्त बयान में पाकिस्तान से जुड़े सीमा पार आतंकवाद के उल्लेख पर इस्लामाबाद की आपत्ति को सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कहा कि संयुक्त बयान पूरी तरह स्पष्ट है और इसमें दोनों देशों के साझा दृष्टिकोण को व्यक्त किया गया है। भारत ने दोहराया कि सीमा पार आतंकवाद पर उसका रुख पहले की तरह स्पष्ट और अडिग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान की प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची के बीच नई दिल्ली में हुई शिखर वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में दोनों देशों ने आतंकवाद के सभी स्वरूपों की कड़ी निंदा की। बयान में विशेष रूप से पाकिस्तान से होने वाले सीमा पार आतंकवाद का उल्लेख किया गया।

### जमीनी हमले हुए तो कुवैत-बहरीन में घुस जाएंगे : ईरान

**तेल अवीव।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि होर्मुज स्ट्रेट में दो तेल टैंकरों में विस्फोट हो गया। आईआरजीएस ने बताया कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की गलत जानकारी के कारण दोनों टैंकर समुद्र में बिछी माइंस से टकराने के बाद आग की चपेट में आ गए। हालांकि, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इस दावे को झूठा बताया। वहीं, केंटकॉम ने कहा कि उसने लगातार सातवीं रात ईरान के सैन्य ठिकानों, हथियार भंडार और समुद्री सैन्य क्षमताओं पर हमले किए। अल जजीरा के मुताबिक, इन हमलों में सीरिक, बुशेहर, बंदर अब्बास, केश्म द्वीप और यज्द को निशाना बनाया गया। उधर, ईरानी सांसद अहमद बख्शायेश अर्देस्तानी ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका ने जमीनी हमला किया, तो ईरान कुवैत और बहरीन में घुस जाएगा और वहां मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को तबाह कर देगा।

### बीएलए ने पाकिस्तान के 45 सैनिकों को मारा, बचाव में पहुंची टुकड़ी पर भी हमला

**बलूचिस्तान।** बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने दावा किया है कि उसने मस्तंग जिले में पाकिस्तान सेना के एक काफिले पर हमला किया है। इस हमले में 45 से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने की खबर है, जबकि दर्जनों जवान घायल हुए हैं। यह घटना गुरुवार को क्वेटा-कराची हाइवे पर खदकुचा के पास हुई। पाकिस्तान सेना ने बस काफिले पर हमले की पुष्टि की है, लेकिन हताहत हुए जवानों की संख्या पर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। बीएलए प्रवक्ता जियांद बलूच ने बयान जारी कर बताया कि इस हमले में काफिले, सुरक्षा टीम और बाद में पहुंची सेना की टुकड़ियों को निशाना बनाया गया।

### पुलिसवालों को गोली मारने वाले दो बदमाश ढेर

**फिरोजाबाद/इटावा।** फिरोजाबाद के शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन के बाहर शुक्रवार को दिनदहाड़े मुठभेड़ हुई। बदमाशों ने पीछा कर रहे दो पुलिसवालों को गोली मार दी। एक जवान की हालत गंभीर है। बदमाश भागते हुए 1 किमी दूर गांव के खेत में छिप गए। 300 पुलिसवालों ने बदमाशों को घेर लिया। 3 घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद पुलिस ने दोनों बदमाशों को एनकाउंटर में मार गिराया। मारे गए बदमाशों की पहचान इटावा निवासी अंकित उर्फ सीटू और सुमित के रूप में हुई है। 14 दिन पहले दोनों ने इटावा में अपने एक साथी के साथ हॉस्पिटल के मालिक डॉ. आर.एस. पाल से चेन लूट ली थी। पाल उस वक्त मॉर्निंग वॉक कर रहे थे। इसी मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप तीनों की तलाश कर रही थी।

## खबर एक नजर...

### पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है - श्री गुप्ता

**उज्जैन।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला न्यायालय परिसर उज्जैन में लोक निर्माण विभाग (भवन/मार्ग) संभाग उज्जैन द्वारा ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के अंतर्गत पौधारोपण महाअभियान आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री पी.सी. गुप्ता ने परिसर में पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक नागरिक को इसमें अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।कार्यक्रम में जिला न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण ने भी पौधारोपण कर अभियान में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग (भवन/मार्ग) संभाग उज्जैन के कार्यपालन यंत्री श्री एम.एस. पवार, अनुविभागीय अधिकारी श्री पंकज शर्मा तथा विभाग के उपयंत्री एवं अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी पौधारोपण किया।

### बाल संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**उज्जैन।** जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में महिदपुर स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम-2012 एवं बाल संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रियंका त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम की जानकारी दी। उन्होंने गुड टच-बैड टच, सुरक्षित एवं असुरक्षित व्यवहार की पहचान, किसी भी प्रकार के लैंगिक शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में बिना भय के माता-पिता, शिक्षक, विश्वसनीय वयस्क अथवा संबंधित विभाग को तत्काल सूचना देने के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही बच्चों के अधिकारों और उन्हें प्राप्त कानूनी संरक्षण की भी विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की हब कोऑर्डिनेटर श्रीमती योगिता ने केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया कि हिंसा से प्रभावित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर परामर्श, कानूनी सहायता, चिकित्सकीय सुविधा, पुलिस समन्वय तथा अस्थायी आश्रय जैसी आवश्यक सेवाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने संकट की स्थिति में महिलाओं और बालिकाओं के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन एवं अन्य सहायता सेवाओं की भी जानकारी दी।कार्यशाला में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया और बाल एवं महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में कानूनी जागरूकता बढ़ाना, बाल संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना तथा विद्यालयों में सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण के निर्माण को प्रोत्साहित करना था।

### 3 साल में 20.92 करोड़ श्रद्धालु महाकाल मंदिर आए, दान और लड्डू से मिले 356 करोड़

महाकालेश्वर मंदिर में पिछले तीन सालों (2023 से 2025) में 20.92 करोड़ श्रद्धालु आए। इससे मंदिर प्रबंध समिति को कुल 356.17 करोड़ रुपए आय हुई। इनमें बतौर दान 175.70 करोड़ मिले, जबकि लड्डू प्रसाद की बिक्री से 180.77 करोड़ रुपए की आय हुई। गत वर्ष पहली बार गुप्त दान में 4.65 करोड़ रुपए भी प्राप्त हुए हैं। अब मंदिर के खजाने में 472 करोड़ रुपए हैं। मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार वर्ष 2023 में 5.30 करोड़ श्रद्धालु आए थे। 2025 में यह आंकड़ा रिकॉर्ड 8.42 करोड़ तक पहुंच गया। भक्तों से मिले दान का उपयोग मंदिर के निर्माण कार्यों और विस्तारीकरण में किया जा रहा है। यह सिंहस्थ की तैयारी का एक भाग है। इसके अलावा इंदौर-उज्जैन रोड पर 2200 कमरों का एक भक्त निवास भी बनाया जा रहा है। 2022 से पहले 40 से 50 हजार श्रद्धालु प्रतिदिन आते थे। महाकाल लोक का लोकार्पण 11 अक्टूबर 2022 को होने के बाद प्रतिदिन आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़कर 1.5 से 2 लाख हो गई है। मंदिर प्रबंध समिति के अनुसार महाशिवरात्रि, सावन-भादौ माह, नागपंचमी पर यह संख्या 5-8 लाख तक पहुंच जाती है।

### लोकनाट्य माच में उज्जैन के कबीर मालवीय ने जीता प्रथम पुरस्कार

**उज्जैन।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज द्वारा आयोजित युवा प्रतिभावान पुरस्कार प्रतियोगिता में उज्जैन के कबीर मालवीय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्हें मध्य प्रदेश के राजकीय लोकनाट्य माच में शानदार प्रदर्शन के लिए यह सम्मान मिला है।

प्रतियोगिता के तहत लोक नाट्य श्रेणी में पहले स्थान पर रहने पर कबीर मालवीय को 51 हजार रुपये की सम्मान राशि से पुरस्कृत किया गया है। उनकी इस विशेष उपलब्धि पर सुंदर सांस्कृतिक माच समिति उज्जैन और माच घराना सुवासा के सदस्यों सहित शहर के कला प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

**दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु भी बन रहे शिकार**

# उज्जैन में हर महीने 2 हजार डॉग बाइट के मामले,

## पूरे जिले में एंटी-रेबीज वैक्सीन लगाने की सुविधा केवल चरक अस्पताल में उपलब्ध

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



उज्जैन में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ रहा है, जहां हर महीने लगभग 2 हजार डॉग बाइट के मामले सामने आ रहे हैं। पूरे जिले में एंटी-रेबीज वैक्सीन लगाने की सुविधा केवल चरक अस्पताल में उपलब्ध है। इसके कारण शहर और जिलेभर से आने वाले मरीजों के साथ-साथ महाकाल दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भी इलाज के लिए इसी अस्पताल में जाना पड़ता है। चरक अस्पताल में कई बार एक साथ कई डॉग बाइट के मामले पहुंचते हैं। अस्पताल में केवल तीन नर्सें एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाने का काम संभाल रही हैं, जिससे मरीजों को लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ता है। जिले में कई घटनाएं सामने आईं हैं महाकालेश्वर मंदिर और महाकाल लोक क्षेत्र में भी डॉग बाइट के कई मामले दर्ज किए गए हैं। इससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा भी प्रभावित होती है। हाल ही में महाकाल मंदिर परिसर में कार्यरत एक महिला सफाई कर्मी पर भी आवारा कुत्ते ने हमला किया था।

हाल के महीनों में जिले में कई गंभीर घटनाएं सामने आई हैं। जनवरी 2026 में महिदपुर में एक कुत्ते ने लगभग 40 लोगों को काटा था। जून 2026 में महिदपुर तहसील के देलवाड़ी गांव में एक तीन वर्षीय बच्चे को आवारा कुत्ते ने काट लिया था। कुछ दिन पहले एक महिला अपने बच्चों के साथ स्कूटी से जा रही थी, तभी एक कुत्ता उसके पीछे पड़ गया और वह बच्चों सहित गिर गई थी। जिसमें बोहरा समाज ने इस मामले में निगम को इस बात से अवगत कराया था। निगम का शेल्टर खाली पड़ा सुप्रीम कोर्ट द्वारा आवारा कुत्तों के प्रबंधन को लेकर दिए गए निर्देशों के बाद शहरवासियों को उम्मीद है कि नगर निगम इस समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कार्रवाई करेगा। हालांकि, नगर निगम की कुत्तों को पकड़ने और नसबंदी करने की व्यवस्था पूरी तरह बंद है।

**एआई मानव मस्तिष्क और आत्मा पर कभी हावी नहीं हो सकता**

# सम्राट विक्रमादित्य विवि में लीडरशिप कोहोर्ट 2026-4.0 का समापन, नई शिक्षा नीति और कौशल विकास पर जोर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रति हमें सकारात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए। एआई कभी भी मानव मस्तिष्क और आत्मा पर हावी नहीं हो सकता। यह बात डॉ. अंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अनुसिंह लाथर ने सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में आयोजित स्टार्टअप समिट ₹लीडरशिप कोहोर्ट 2026झ4.0₹ के दूसरे दिन कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य विद्यार्थियों को सिर्फ डिग्री बांटना नहीं है, बल्कि उनके कौशल और दक्षता को पहचान कर उन्हें पारंगत करना है। विश्वविद्यालय इसी संकल्पना पर काम कर रहा है। एमएसएमई इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर के समन्वयक डॉ. उमेश कुमार सिंह ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि भारत दुनिया के अग्रणी स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में उभर रहा है। युवा एआई, नवाचार और कौशल आधारित शिक्षा से जुड़कर भविष्य की चुनौतियों के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्कृति विभाग के जनसंपर्क अधिकारी अनूप जाट ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जो दूरदर्शी सोच रखता है, उसका उद्यम सफल होता है। जो सपने देखता है, वही उन्हें साकार कर सकता है। इस दौरान आयोजित पैनल डिस्कशन में ओम नक्षत्र, पोषण पात्र, जॉबकार्ट और देसी अल्केमिस्ट जैसे स्टार्टअप्स ने अपने अनुभव साझा किए। दो दिवसीय पैनल डिस्कशन में मॉडरेटर की भूमिका यूआईसी प्रोजेक्ट मैनेजर मुस्कान हरभजनका और सविष्कार की राष्ट्रीय सहसंयोजक दीक्षा यादव ने निभाई। समापन सत्र में प्रो. पुष्पेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। आयोजन में यूआईसी टीम लीडर सत्यम जाट, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. शिवि भसीन, डॉ. रुचिका खंडेलवाल और डॉ. पूर्णिमा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन छात्र मृत्युंजय ने किया तथा आभार आईक्यूएसी हेड डीडी बेदिया ने माना।

### ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया:सीएलसी द्वितीय चरण की तारीख 31 तक बढ़ाई

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए चल रही ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) के द्वितीय चरण की तारीख को 31 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है।अब विद्यार्थी महाविद्यालयों में रिक्त सीटों के आधार पर सीएलसी द्वितीय चरण में एडमिशन ले सकेंगे। ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त और अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं में एडमिशन के लिए मुख्य चरण पूरे होने के बाद सीएलसी का प्रथम चरण घोषित किया था।सीएलसी प्रथम चरण के बाद भी जो विद्यार्थी प्रवेश नहीं ले सके, उनके लिए सीएलसी का द्वितीय चरण घोषित किया गया। जिसकी आखिरी तारीख 15 जुलाई थी।

### गुरुद्वारा सुख सागर में आज से लगेगा नि:शुल्क ऊर्जा उपचार शिविर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

रूपांतरण सामाजिक एवं जनकल्याण संस्था द्वारा 18 व 19 जुलाई को शहर में दो दिवसीय नि:शुल्क ऊर्जा उपचार शिविर लगाया जा रहा है। फ्रीगंज के गुरु नानक चौक स्थित गुरुद्वारा सुख सागर में आयोजित इस शिविर में योग, रेकी और वैदिक हवन के माध्यम से शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का अभ्यास कराया जाएगा। संस्था के निदेशक राजीव पाहवा ने बताया कि शिविर 18 जुलाई शनिवार को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक और 19 जुलाई रविवार को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक लगेगा। ऊर्जा उपचार भारतीय पारंपरिक उपचार पद्धतियों पर आधारित एक समग्र स्वास्थ्य पहल है। इसका उद्देश्य लोगों को तनाव मुक्त कर स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। शिविर में सभी आयु वर्ग के लोग निशुल्क शामिल हो सकेंगे। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष ऊर्जा उपचार सत्र रखे गए हैं, ताकि गर्भावस्था के दौरान उन्हें मानसिक शांति, सकारात्मक वातावरण और बेहतर स्वास्थ्य मिल सके। संस्था पिछले 25 वर्षों से योग, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में काम कर रही है। आयोजकों ने नागरिकों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8770852249, 8989686734 या 9131803340 पर संपर्क किया जा सकता है।

# नौशेरा के शेर ब्रिगेडियर उस्मान की 124वीं जयंती पर किया वीर सपूत को नमन

### शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर याद की गई महावीर चक्र विजेता की शौर्य गाथा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



महावीर चक्र से सम्मानित और 'नौशेरा के शेर' के नाम से विख्यात देश के महान सपूत ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान की 124वीं जयंती मनाई गई। शहीद पार्क स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्पवर्षा कर उन्हें और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

समाजसेवी सैयद रिजवान और रईसुलहसन जागीरदार ने कहा कि ब्रिगेडियर उस्मान ने देश को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान योद्धा थे। महाकाल शयन आरती के वरिष्ठ सदस्य चेतन ठक्कर ने अमर शहीद को नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया।

अध्यक्ष पंकज जायसवाल और संरक्षक आबिद अली मीर ने ब्रिगेडियर उस्मान के जीवन पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 17 जुलाई 1912 को उत्तर प्रदेश के मऊ में जन्मे मोहम्मद उस्मान 1934 में ब्रिटिश इंडिया रेजीमेंट और बाद में डोगरा रेजीमेंट में शामिल हुए। जब पाकिस्तानी सेना ने कश्मीर के झांगर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था, तब उन्होंने कसम खाई थी कि जब तक दुश्मनों को खदेड़ नहीं देंगे, तब तक पलंग पर नहीं सोएंगे। अपने कुशल नेतृत्व और रणनीति से उन्होंने पाकिस्तान को पस्त कर दिया था। इससे चिढ़कर पाकिस्तान ने उनके सिर पर 50 हजार रुपये का इनाम रखा था।

3 जुलाई 1948 को वे वीरगति को प्राप्त हुए। अदम्य साहस के लिए उन्हें देश के दूसरे सर्वोच्च सैन्य सम्मान महावीर चक्र से नवाजा गया। उनकी महानता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनकी अंतिम यात्रा में तत्कालीन गवर्नर लॉर्ड माउंटबेटन, प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए थे। वे अपने गांव के छात्र-छात्राओं और परिवारों की आर्थिक मदद भी किया करते थे। श्रद्धांजलि सभा में रफी शोध संस्थान के डायरेक्टर डॉ. तेज कुमार मालवीय, जगन्नाथ अष्टकर, शिक्षाविद सादिक मंसूरी, लियाकत खान, जसवंत सिंह, मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व अध्यक्ष इकबाल हुसैन, सामाजिक कार्यकर्ता रईस अहमद, शाकिर शेख, सैयद उस्मान हसन और इकबाल उस्मानी ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

**कंठाल-छत्रीचौक मार्ग चौड़ीकरण में भेदभाव का आरोप**

# रसूखदार को बचाने 113 साल पुरानी युवराज लाइब्रेरी पर चलाया जा रहा हथौड़ा, सेंटर लाइन में हेरफेर का लगाया आरोप

### स्वतंत्रता आंदोलन की गवाह रही है 1919 में माधवराव सिंधिया द्वारा दान की गई यह धरोहर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




शहर के कंठाल से छत्रीचौक तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण अभियान में नगर निगम की कार्यवाही पर पक्षपात के आरोप लगे हैं। नगर निगम में उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र गब्बर कुवाल ने आरोप लगाया है कि प्रशासन एक प्रभावशाली परिवार को रियायत देने के लिए 113 वर्ष पुरानी श्री युवराज जनरल लाइब्रेरी के ऐतिहासिक भवन को नुकसान पहुंचा रहा है।

उपनेता प्रतिपक्ष कुवाल के अनुसार चौड़ीकरण में राजनीतिक और धनबल के प्रभाव में सेंटर लाइन की स्थिति में जानबूझकर हेरफेर किया गया है। इसके चलते संस्था के भवन की उत्तरी दिशा का लगभग 1.5 फीट हिस्सा और 6 मीटर कर्व तोड़ा जाना प्रस्तावित कर दिया गया है। पुरातन श्रेणी का निर्माण होने से छत का पूरा भार दीवारों पर टिका है, ऐसे में दीवार हटने से संस्था का पूरा भवन ही गिरने की आशंका है। उन्होंने बताया कि सतीगेट से छत्रीचौक की ओर बनाई जा रही नई नाली की सीधी रेखा में ही यह भवन स्थित है और इसके आगे 10 फीट का पोर्च भी छूटा हुआ है, जिससे यह अंधे मोड़ पर भी नहीं है। इसके बावजूद संस्था को अपना हिस्सा हटाने के लिए विवश किया जा रहा है।

कुवाल ने बताया कि प्रभावित मार्ग के दोनों ओर स्थित अन्य भवनों की दुकानें कई दिनों से बंद पड़ी हैं, लेकिन युवराज लाइब्रेरी के सामने स्थित एक रसूखदार परिवार के भवन को अप्रभावित रखा गया है। इस प्रभावशाली परिवार के भवन में स्थित दुकानों का व्यापार आज भी यथावत चल रहा है।

छत्रीचौक के अंतिम छोर पर स्थित युवराज लाइब्रेरी उज्जैन की राजनीतिक, सामाजिक और साहित्यिक चेतना का प्रमुख केंद्र रही है। वर्ष 1919 में तत्कालीन महाराजा माधवराव सिंधिया ने यह भवन लाइब्रेरी को दान किया था। स्वतंत्रता आंदोलन के जन-जागरण में इस संस्था के योगदान को ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता श्री नरेश मेहता ने भी अपने उपन्यास में रेखांकित किया है। इस धरोहर से पद्मविभूषण सूर्यनारायण व्यास, डॉ. प्रभाकर माचवे, प्रसिद्ध सितार वादक धुंडीराज आष्टेवाले, न्यायमूर्ति शंकरप्रसाद भार्गव, न्यायमूर्ति हिरवे और राज्यसभा सदस्य कन्हैयालाल मनाना जैसी ख्यातनाम हस्तियां जुड़ी रही हैं। लाइब्रेरी में लगभग 30 हजार पुस्तकों का संग्रह है, जिनमें कई दुर्लभ पुस्तकें शामिल हैं। इसी कारण वर्ष 2023 में इसे गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में सम्मिलित किया गया था।

# शाही सवारी मार्ग चौड़ीकरण 15 अगस्त तक होगा पूरा

## निरीक्षण के बाद प्रशासन सक्रिय, निगम आयुक्त ने दिए 24 घंटे काम के निर्देश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



बाबा महाकाल की शाही सवारी को लेकर उज्जैन प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। लाखों श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए शाही सवारी मार्ग के चौड़ीकरण और विकास कार्यों में तेजी ला दी गई है। नगर निगम ने कंठाल चौराहा से छत्री चौक तक सभी निर्माण कार्य 15 अगस्त तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया है।

निर्माण कार्यों में तेजी की मुख्य वजह दो दिन पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उज्जैन दौरा है। मुख्यमंत्री ने बुलेट से शाही सवारी मार्ग का निरीक्षण किया था। इसके बाद वे कंठाल चौराहे तक पैदल पहुंचे और भगवान महाकाल की पालकी के मार्ग का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी निर्माण कार्य तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए थे।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद बुधवार देर रात नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने कंठाल चौराहा, छत्री चौक और कमरी मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को जरूरत पड़ने पर 24 घंटे काम कर समय पर सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान पीक्यूसी सड़क निर्माण, प्रीकास्ट नालियों का निर्माण, पेयजल पाइपलाइन शिफ्टिंग, बिजली के पोल हटाने, चौड़ीकरण में बाधा बन रहे छज्जों को हटाने, डीएलसी रोड, कोबल स्टोन और चौराहों के सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को सभी कार्य तय समय पर पूरे करने के निर्देश दिए गए। महाकाल मंदिर में आयोजित हालिया समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने शाही सवारी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश दिए। बिजली विभाग को मार्ग के सभी विद्युत पोल सुरक्षित करने, उन्हें प्लास्टिक कवर से ढंकने और पूरे रूट का तकनीकी परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि शाही सवारी के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे।

### महाकाल लोक में लगे गुरु गोरखनाथ की 108 फीट ऊंची प्रतिमा

**उज्जैन।** महाकाल लोक में नाथ संप्रदाय के आराध्य श्री गुरु गोरखनाथ महाराज की 108 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा स्थापित करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। भर्तृहरि गुफा और मां बगलामुखी धाम के गादीपति महंत रामनाथ महाराज की इस मांग का अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. रविंद्रपुरी महाराज ने समर्थन किया है। अध्यक्ष डॉ. रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि गुरु गोरखनाथ जी को भगवान शिव का ही अवतार माना जाता है। महाकाल लोक में जिस प्रकार सभी देवी-देवताओं और ऋषि-मुनियों की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, उसी तर्ज पर यहां गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा भी स्थापित होनी चाहिए। अखाड़ा परिषद ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से यह मांग की है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के मीडिया प्रभारी डॉ. गोविंद सोलंकी ने बताया कि अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत डॉ. रविंद्रपुरी महाराज और महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी जल्द ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात करेंगे।

# रथ यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने वाले डिजिटल क्रिएटर्स का इस्कॉन ने किया सम्मान

### जगन्नाथ महोत्सव में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को मिला डिजिटल रथ यात्रा एंबेसडर अवॉर्ड

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री जगन्नाथ महोत्सव 2026 के तहत इस्कॉन मंदिर में सोशल मीडिया के जरिए रथ यात्रा का व्यापक प्रचार-प्रसार करने वाले डिजिटल क्रिएटर्स का सम्मान किया गया। डिजिटल रथ यात्रा एंबेसडर्स सम्मान समारोह में इन क्रिएटर्स को उनके रचनात्मक और नि:स्वार्थ योगदान के लिए सराहा गया।

समारोह में संकीर्तन विभाग प्रमुख कृष्ण नाम प्रभुजी, अंतरराष्ट्रीय मूर्तिकार व उज्जैन मूर्ति विभाग प्रमुख अमल भक्त प्रभुजी और संचालक रूपेश्वर दास राजीव आर्य के हाथों शहर के प्रमुख इन्फ्लुएंसर्स को डिजिटल रथ यात्रा एंबेसडर सम्मान से नवाजा गया। सम्मानित होने वालों में शिवम भार्गव, आशुतोष राठौर, श्रवण त्रिपाठी, शुभम मंडलोई, काशिश तिवारी, राहुल बारोड़, अभिषेक मावर, लकी राव और नकुल रायकवार सहित अन्य क्रिएटर्स शामिल रहे।

आयोजकों ने कहा कि आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक आयोजनों को लोगों तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। इन क्रिएटर्स के समर्पण से श्री जगन्नाथ महोत्सव की भव्यता लाखों लोगों तक पहुंची और समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार हुआ। अंत में मंदिर समिति ने सभी डिजिटल एंबेसडर्स की सेवा भावना की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार जताया।

उज्जैन
शनिवार
18
जुलाई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

नास्ति सत्यसमो धर्मो न सत्याद्विद्यते परम्।
न हि तीव्रतरं किञ्चिदनृतादिह विद्यते॥

**अर्थ:** सत्य जैसा अन्य धर्म नहीं। सत्य से पर कुछ नहीं। असत्य से ज्यादा तीव्रतर कुछ नहीं।

## खबर एक नजर...

### इंदौर नगर निगम वार्ड-60 का चुनाव निरस्त

**इंदौर।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 60 से वर्ष 2022 में निर्वाचित पार्षद सुनेहरा अंसारी की जीत को जिला कोर्ट ने निरस्त कर दिया है। द्वितीय जिला न्यायाधीश विनोद कुमार शर्मा ने 17 जुलाई को चुनाव याचिका में सुनाए गए फैसले में सुनेहरा अंसारी के नामांकन पत्र तथा निर्वाचन को शून्य घोषित कर दिया। कोर्ट ने अपने निर्णय में माना कि प्रत्याशी द्वारा नामांकन के साथ प्रस्तुत शपथ-पत्र में संपत्ति, देनदारियों और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों के संबंध में अपूर्ण और गलत जानकारी दी गई थी। इससे मध्य प्रदेश नगर पालिक निगम निर्वाचन नियम, 1994 के प्रावधानों का उल्लंघन हुआ। कोर्ट ने यह भी माना कि प्रत्याशी चुनाव लड़ने की पात्रता से संबंधित आवश्यक तथ्यों का सही खुलासा नहीं कर सकी। मामला वर्ष 2022 के नगर निगम चुनाव से जुड़ा है। 6 जुलाई 2022 को हुए मतदान के बाद 17 जुलाई 2022 को घोषित परिणाम में सुनेहरा अंसारी को वार्ड-60 से विजयी घोषित किया गया था। इसके खिलाफ इफ्तेखार अंसारी ने अपने एडवोकेट विजय शर्मा के माध्यम से चुनाव याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि नामांकन पत्र के साथ दाखिल शपथ-पत्र में संपत्तियों, कर बकाया और अन्य जानकारियों को छिपाया गया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने विभिन्न दस्तावेजों और साक्ष्यों का परीक्षण किया। कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि प्रत्याशी द्वारा प्रस्तुत जानकारी में गंभीर त्रुटियां और अपूर्णताएं थीं, जिसके कारण उनका नामांकन वैध नहीं माना जा सकता।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, दो केस दर्ज

**इंदौर।** गांधीनगर और लसूड़िया थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के दो मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों में महिलाओं की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांधीनगर थाना पुलिस के मुताबिक 42 वर्षीय महिला की शिकायत पर गुरदाखेड़ी, हातोद निवासी शाहरुख पुत्र अजमेरी खान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। महिला ने बताया कि फरवरी 2025 में गांधीनगर से राऊ जाते समय उसकी आरोपी से पहचान हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच संबंध बने। महिला का आरोप है कि शाहरुख शादी का वादा कर उसके घर आता रहा। करीब एक साल बाद जब उसने शादी की बात की तो आरोपी ने इनकार कर दिया, गाली-गलौज और मारपीट की। बाद में उसका नंबर भी ब्लॉक कर दिया। इसके बाद महिला ने अपने पति और बेटी को पूरी बात बताई और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। लसूड़िया थाना क्षेत्र में 26 वर्षीय युवती ने भिंड निवासी प्रशांत दुबे के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। युवती ने बताया कि सितंबर 2025 में पढ़ाई के दौरान दोनों की दोस्ती हुई थी। शादी का भरोसा देकर आरोपी उसके साथ लिव-इन में रहने लगा और इस दौरान दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने। युवती का आरोप है कि आरोपी ने उससे रुपए भी उधार लिए। मार्च 2026 में वह भिंड जाने की बात कहकर चला गया और बाद में शादी से इनकार कर दिया। जुलाई में दोबारा मिलने के बाद भी उसने शादी का भरोसा देकर संबंध बनाए, लेकिन बाद में फिर शादी से मना कर दिया। इसके बाद युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### इंदौर में ताई ने सीएम से मांगा एयरपोर्ट विस्तार

**इंदौर।** पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के विस्तार कार्य में तेजी लाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इंदौर प्रदेश की आर्थिक और औद्योगिक राजधानी है। बढ़ते हवाई यातायात और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए एयरपोर्ट का जल्द विस्तार जरूरी है। महाजन ने पत्र में उज्जैन में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट निर्माण की पहल का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बाबा महाकाल, ओंकारेश्वर और सिंहस्थ-2028 को देखते हुए उज्जैन का सर्वांगीण विकास आवश्यक है। महाजन ने बताया कि इंदौर एयरपोर्ट का निर्माण 1938 में होलकर राजवंश के समय हुआ था। आज यह प्रदेश का सबसे व्यस्त और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय विमानतल है। उन्होंने कहा कि अपने संसदीय कार्यकाल में एयर ट्रैफिक सर्विस (एटीएस) टॉवर और नया टर्मिनल भवन बनवाया गया। इसके बाद अतिरिक्त रनवे, टैक्सी-वे और पार्किंग विस्तार की योजना भी तैयार कराई गई।

### अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी, 18 वर्षीय युवक की मौत

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में गुरुवार रात बाइक सवार दो सगे भाइयों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका बड़ा भाई घायल हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। लसूड़िया पुलिस के अनुसार दुर्घटना ओमैक्स सिटी के पास हुई। बाइक पर सवार रोहित (18) पुत्र बछिया निवासी निपानिया और उसके बड़े भाई राकेश को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने दोनों को तत्काल महाराणा प्रताप अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान रोहित ने दम तोड़ दिया। राकेश का इलाज जारी है। परिजनों ने बताया कि दोनों सगे भाई ओमैक्स के पास लगने वाले हाट बाजार में खरीदारी करने जा रहे थे। इसी दौरान वे हादसे का शिकार हो गए। बताया गया है कि दोनों मूल रूप से धार जिले के निवासी थे और पिछले दो माह से भवंस स्कूल के पीछे स्थित एक टाउनशिप में बेलदारी का काम कर रहे थे। हादसे के समय उनके माता-पिता किसी काम से गुजरात गए हुए थे।

---

इंदौर और मंदसौर में एक साथ छापे, अहम दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य जब्त

# 70 करोड़ की ड्रग्स तस्करी में ईडी की एंट्री

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

प्रवर्तन निदेशालय के इंदौर सब-जोनल कार्यालय ने इंदौर और मंदसौर सहित विभिन्न स्थानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान ईडी ने अहम दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य जब्त किए हैं।

ईडी ने शुक्रवार को बताया कि यह कार्रवाई 70 करोड़ की करीब 70 किलोग्राम एमडीएमए (मेफेड्रोन) ड्रग्स की तस्करी से जुड़े मामले में की गई है। ईडी ने यह जांच इंदौर क्राइम ब्रांच द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। मामला नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम, 1985 की धारा 8 और 22 के तहत दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पता चला कि मामले का एक प्रमुख आरोपी अपने ज्ञात ठिकानों से फरार था। ईडी ने खुफिया सूचनाओं और आधुनिक जांच तकनीकों की मदद से कई दिनों तक हैदराबाद, बीकानेर और इंदौर में उसकी गतिविधियों पर नजर रखी। लगातार निगरानी और सूचना संकलन के बाद आरोपी को इंदौर के एक अज्ञात ठिकाने पर तलाश लिया गया, जिसके बाद तलाशी कार्रवाई को अंजाम दिया गया।




**दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस और वित्तीय रिकॉर्ड जब्त-** तलाशी के दौरान ईडी को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य तथा आरोपियों की संपत्तियों और वित्तीय लेन-देन से जुड़ी जानकारी मिली है। कई दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को जब्त कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। ईडी अब इन साक्ष्यों के आधार पर अपराध से अर्जित आय का पता लगाने, मनी ट्रेल की जांच करने और कथित मनी लॉन्ड्रिंग के दायरे का आकलन करने में जुटी है।

### रिश्तेदार के नाम बैंक लॉकर भी मिला

कार्रवाई के दौरान एक आरोपी के रिश्तेदार के नाम पर बैंक लॉकर होने की जानकारी भी सामने आई। इस लॉकर की अलग से तलाशी और जब्ती की प्रक्रिया की जा रही है।


### वित्तीय नेटवर्क और अन्य सहयोगियों की तलाश

तलाशी में मिले साक्ष्यों से ड्रग्स तस्करी से जुड़े वित्तीय नेटवर्क, संपत्तियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिलने की संभावना है। एजेंसी मामले से जुड़े सभी लोगों की भूमिका और अपराध से अर्जित धन से संबंधित वित्तीय लेन-देन की जांच कर रही है।

---

# टंट्याभील चौराहे पर 17 दिन से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

## छात्रों ने रखा एक दिन का अनशन, ना खाना खाया ना पानी पीया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

अपनी मांगों को लेकर पिछले 17 दिनों से स्टूडेंट्स का समूह टंट्याभील चौराहे पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहा है। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती उनका ये धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं गुरुवार को एक स्टूडेंट ने एक दिन का अनशन भी किया। उसने ना तो खाना खाया ना ही पानी पीया।

बता दें कि इन स्टूडेंट्स ने 14 जुलाई को टंट्याभील चौराहे से कलेक्टर ऑफिस तक पैदल मार्च निकाला था और यहां पर कई घंटे प्रदर्शन किया था। इसके बाद उनकी एक-दो मांगों को मान लिया गया था। इधर, स्टूडेंट्स अभी भी बनी बची हुई मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे है।

**23 सूत्रीय मांगें, कुछ पर बनी सहमति-** दरअसल, टंट्याभील चौराहे पर पिछले 17 दिनों से स्टूडेंट्स का धरना प्रदर्शन जारी है। नीट पेपर लीक में दोषियों पर कार्रवाई, धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा सहित विभिन्न मांगों को लेकर स्टूडेंट्स द्वारा चौराहे पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इस धरना प्रदर्शन में कई स्टूडेंट्स आकर शामिल हो रहे हैं। अपनी मांगों को लेकर स्टूडेंट्स ने महाआंदोलन भी किया था, जिसमें उनकी कुछ मांगों पर सहमति बन गई थी, लेकिन बाकी मांगों को लेकर अभी भी स्टूडेंट्स का प्रदर्शन जारी है।

### एक दिन का अनशन किया

धरने पर बैठे स्टूडेंट अरुण बड़ोले ने बताया कि उनके साथ सतीश कुमार ने गुरुवार को एक दिन का अनशन किया है। सतीश ने ना तो खाना खाया ना ही पानी पीया है। ये अनशन उन्होंने देश के शिक्षा मंत्री को जगाने के लिए किया है। अब इंदौर में आवाज बड़े स्तर पर गूंज रही है। अरुण ने स्टूडेंट्स से अपील की है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में यहां पहुंचे। अरुण ने बताया कि धरना प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा। इस प्रदर्शन को स्टूडेंट्स का अच्छा समर्थन मिल रहा है। कई स्टूडेंट्स इसमें शामिल हो रहे है।

---

# हर टूटा हुआ शादी का वादा दुष्कर्म नहीं : हाईकोर्ट

## सिर्फ शादी से इनकार करना अपराध नहीं, रेप, आत्महत्या के लिए उकसाने में आरोपी बरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि शादी का वादा पूरा नहीं होना या बाद में विवाह से इनकार कर देना मात्र किसी व्यक्ति को दुष्कर्म और आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि दुष्कर्म का अपराध तभी बनता है, जब यह साबित हो कि आरोपी ने शुरू से ही शादी करने की मंशा नहीं रखी और केवल शारीरिक संबंध बनाने के उद्देश्य से झूठा वादा किया था।

जस्टिस राजेंद्र कुमार वानी की सिंगल बेंच ने शुक्रवार को ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा को निरस्त करते हुए आरोपी को सभी आरोपों से बरी कर दिया। दरअसल एक मामले में आरोपी और युवती के बीच प्रेम संबंध थे। आरोप था कि युवक ने शादी का भरोसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाए, जिससे वह गर्भवती हो गई। बाद में विवाह से इनकार करने पर युवती ने आत्महत्या कर ली। डीएनए जांच में आरोपी को गर्भस्थ शिशु का जैविक पिता पाया गया था।

सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने पाया कि दोनों के संबंधों की



जानकारी युवती के परिवार को भी थी और उन्होंने कभी इसका विरोध नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड पर ऐसा कोई ठोस साक्ष्य नहीं है, जिससे यह साबित हो सके कि आरोपी ने शुरूआत से ही धोखा देने की नीयत से विवाह का वादा किया था। ऐसे में दोनों के बीच बने संबंधों को सहमति से स्थापित संबंध माना जाएगा, न कि दुष्कर्म।

आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप पर भी कोर्ट ने कहा कि केवल शादी से इनकार करना या विवाह के लिए शर्त रखना, आत्महत्या के लिए उकसाने की श्रेणी में नहीं आता। अभियोजन यह साबित नहीं कर सका कि आरोपी ने ऐसा कोई प्रत्यक्ष कृत्य किया, जिसने युवती को आत्महत्या के लिए उकसाया हो।

कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में असफल रहा। इसी आधार पर ट्रायल कोर्ट का फैसला रद्द करते हुए आरोपी को बरी कर दिया गया।

---

दिनेश मकवाना आत्महत्या केस- आबकारी अधिकारी को राहत

# डिवीजन बेंच ने पलटा सिंगल बेंच का फैसला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

चर्चित दिनेश मकवाना आत्महत्या प्रकरण में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने शुक्रवार को सिंगल बेंच द्वारा दिए गए सीबीआई जांच के आदेश को निरस्त कर दिया। इसके साथ ही सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर भी रद्द कर दी गई।

मामला शराब ठेकेदार दिनेश मकवाना की आत्महत्या से जुड़ा है, जो उस समय काफी चर्चाओं में रहा था। आत्महत्या के पीछे प्रशासनिक दबाव और अधिकारियों की भूमिका को लेकर उठे सवालों के बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा था।

सुनवाई के दौरान सिंगल बेंच ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित की भूमिका की जांच सीबीआई से कराने के निर्देश दिए थे। कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। इस आदेश को चुनौती देते हुए दायर अपील पर सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के फैसले को पलट दिया। अदालत ने माना कि मामले में सीबीआई जांच जारी रखने के लिए पर्याप्त आधार नहीं हैं। इसी के चलते जांच के आदेश निरस्त कर दिए गए और सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर भी रद्द कर दी गई।

डिवीजन बेंच के फैसले के बाद मंदाकिनी दीक्षित के खिलाफ सीबीआई जांच की प्रक्रिया पूरी तरह समाप्त हो गई है। कोर्ट के आदेश के बाद अब इस प्रकरण में सीबीआई की कोई जांच नहीं होगी।

---

# कलेक्टर के निर्देश पर जीडीसी के आसपास हुई कार्यवाही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मोती तबेला स्थित शासकीय जीजाबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय (जीडीसी) की छात्राओं की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने कल तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर संयुक्त कलेक्टर सुश्री श्रुति अग्रवाल ने पुलिस बल के साथ आज महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया।

छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनी गईं तथा सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया गया। संभावित ईव-टीजिंग एवं असामाजिक गतिविधियों वाले स्थानों का चिन्हांकन कर तत्काल आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं।



सुरक्षा की दृष्टि से कॉलेज के आसपास अनावश्यक भीड़ लगाने वाले ठेलों एवं टपरियों को हटाने की कार्रवाई की गई।

कॉलेज समय के दौरान महिला पुलिस कर्मियों के साथ एफआरवी की नियमित तैनाती सुनिश्चित कर दी गई है।

नियमित पुलिस पेट्रोलिंग एवं सघन निगरानी के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। महाविद्यालय के पिछले प्रवेश द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत करने के निर्देश दिए गए। छात्राओं को सुरक्षित, निर्भय एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा समन्वित कार्रवाई की जा रही है।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि छात्राओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक शिकायत पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

---

मां की हत्या के बाद सदमे में मासूम : मनोचिकित्सक ने कहा

# ट्रॉमा से उबरने के लिए भाई-बहन की प्रोफेशनल काउंसलिंग जरूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश के इंदौर में 11 जुलाई को हुई पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी की हत्या के मामले में पुलिस एक हफ्ते बाद भी आरोपी पति अखिलेश सैनी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

इस बीच इस खौफनाक वारदात को अपनी आंखों से देखने वाले बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आ रही हैं। वरिष्ठ मनोचिकित्सक स्मिता अग्रवाल के अनुसार, अपनी मां को लहूलुहान हालत में देखना बच्चों के लिए एक ऐसा भयावह अनुभव है, जो उनके दिमाग पर लंबा असर छोड़ सकता है। इस तरह के ट्रॉमा से बच्चों में ये मानसिक और व्यावहारिक समस्याएं हो सकती हैं

**मानसिक तनाव:** चिंता (एंग्जाइटी),



अवसाद (डिप्रेशन), डर और असुरक्षा की भावना।

**भरोसे की कमी:** भविष्य में लोगों पर विश्वास करने में कठिनाई आना।

**नींद में खलल:** रात में अचानक चौंककर उठना और डरावने सपने आना।

**भविष्य पर असर:** स्कूल में पढ़ाई का कमजोर होना, सामाजिक व्यवहार में बदलाव और व्यक्तित्व विकास का प्रभावित होना।

**छोटे भाई पर छिपा हुआ असर:** एक्सपर्ट्स का कहना है कि 7 साल का मासूम अव्यक्त भले ही अपनी भावनाएं खुलकर न बता पाए, लेकिन यह घटना उसके अवचेतन मन में बैठ चुकी है, जो आगे चलकर उसके आत्मविश्वास को प्रभावित कर सकती है।

क्या आरोपी 'पैरानॉयड डिसऑर्डर' से पीड़ित था?

मनोचिकित्सक ने मामले के एक अन्य अहम पहलू पर भी रोशनी डाली है। उनके मुताबिक, कई बार ऐसे मामलों में आरोपी पैरानॉयड डिसऑर्डर या पैरानॉयड स्किजोफ्रेनिया जैसी मानसिक बीमारी से ग्रसित हो सकते हैं।

**लक्षण:** बिना किसी ठोस वजह के अपने जीवनसाथी या करीबियों पर शक करना और समझाने के बाद भी अपनी सोच न बदलना।

**हिंसक व्यवहार:** बेटी प्रेक्षा के बयानों के अनुसार, उसके पिता कई साल से लगातार मां के साथ विवाद करते थे। हिंसक होकर मारपीट पर उतारू हो जाते थे।

### नाना-नानी के घर खंडवा भेजे गए बच्चे

मां की मौत और पिता के फरार होने के बाद 15 वर्षीय प्रेक्षा और 7 वर्षीय अव्यक्त की दुनिया पूरी तरह उजड़ चुकी है। रिश्तेदारों की सहमति से अब दोनों बच्चों को उनके नाना-नानी के घर खंडवा भेज दिया गया है, जहां उनका ख्याल रखा जा रहा है। उर्मिला से जुड़े शोक कार्यक्रम भी अब खंडवा में ही होंगे।

### बच्चों की मौजूदा स्थिति बेहद दर्दनाक

मासूम अव्यक्त रोज बार-बार मां के बारे में पूछता है और बेमन से थोड़ा-बहुत खाना खाकर सो जाता है। उसकी बड़ी बहन प्रेक्षा वह लगातार बस एक ही सवाल पूछ रही है कि क्या पुलिस ने पापा को पकड़ा या नहीं? एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस गहरे सदमे से बाहर निकलकर बच्चों को सामान्य जीवन में वापस लाने के लिए आने वाले दिनों में परिवार के साथ-साथ समाज के सहयोग और प्रोफेशनल मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग की सख्त जरूरत होगी।

# मानसून के ब्रेक से बढ़ी चिंता, कहीं फसलें सूखीं, कहीं बोवनी रुकी; 55 में से 28 जिलों में सामान्य से 16% से 78% कम बारिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मप्र में मानसून पर ब्रेक ने किसानों के माथे की लकीरें बढ़ा दी हैं। धान वाले इलाकों में खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 247 मिमी बारिश हुई है, जबकि अब तक 291 मिमी होनी चाहिए थी। यानी 15% की कमी है।

पूर्वी मप्र में तो 26% कम बारिश दर्ज हुई है। वहीं पश्चिमी मप्र में सामान्य से सिर्फ 5% कम बारिश है। प्रदेश के 55 में से 28 जिलों में सामान्य से 16% से 78% तक कम बारिश हुई है। सबसे खराब स्थिति आलीराजपुर की है, जहां 78%, जबकि रीवा में 61% कम बारिश दर्ज की गई। भोपाल में अब तक 327.4 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य 299.8 मिमी से 9% अधिक है। सबसे अधिक प्रभावित जिले पूर्वी मध्य प्रदेश के हैं। रीवा, मऊगंज, मैहर, सीधी, सिंगरौली, मंडला, शहडोल, कटनी और जबलपुर संभाग में दोबारा बोवनी की स्थिति बनने लगी है।

12 जिलों से सीधी रिपोर्ट

आलीराजपुरः सामान्य से 77% कम बारिश होने से मक्का, कपास व सोयाबीन की फसलें सूखने की कगार पर हैं। खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं। पिछले साल इसी अवधि तक 22.1 इंच बारिश हुई थी। इस बार सिर्फ 3.06 इंच हुई है। जल्द बारिश नहीं हुई तो दोबारा बोवनी करनी पड़ सकती है।



मुरैनाः 11 जुलाई के बाद से बारिश नहीं हुई है। 1.25 लाख हेक्टेयर में बोया गया बाजरा नमी के अभाव में प्रभावित हो रहा है।

### 4 दिन और बारिश नहीं हुई तो दोबारा रोपनी करनी पड़ेगी

रीवा जिले में 60% कम बारिश हुई है। धान की सिर्फ 41% बोवनी हो पाई है। खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं। बारिश नहीं हुई तो फसलों में पीलापन आने लगेगा। पर्याप्त बारिश सिर्फ चार तहसीलों में ही हुई है।

### आगे क्या

आज उमरिया-डिंडोरी में भारी, भोपाल में हल्की बारिश संभव यलो अलर्टः शहडोल, रीवा और जबलपुर संभाग के जिलों में बारिश का यलो अलर्ट। भारी बारिशः उमरिया और डिंडोरी जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना। हल्की बारिशः उज्जैन, भोपाल, इंदौर और नर्मदापुरम संभाग के साथ सीहोर, रायसेन और विदिशा।

फसल का 30-40% नुकसान होने की आशंका है। धान की बोवनी अब तक शुरू नहीं हो सकी है। चार दिन और बारिश नहीं हुई तो फसलें पीली पड़ने लगेंगी।

रायसेनः 2.80 लाख हेक्टेयर में धान की रोपाई का लक्ष्य है, पर सिर्फ 65 हेक्टेयर में रोपाई हो सकी है। किसान ट्यूबवेल के सहारे रोपा बचाने की कोशिश कर रहे हैं। 1.10 लाख हेक्टेयर में बोई गई सोयाबीन, मक्का और उड़द की फसलें भी मुरझाने लगी हैं।

जबलपुरः पिछले साल की तुलना में 17.7 इंच कम और सामान्य से 28% कम बारिश हुई है। धान की बोवनी डेढ़ लाख हेक्टेयर के मुकाबले सिर्फ 25-30 हजार हेक्टेयर में हो सकी है। नहरों और डैम में पानी नहीं होने से रोपाई अटकी हुई है। किसान मक्का, उड़द व सोयाबीन की ओर बढ़ रहे हैं।

सतना-मैहरः सतना में 22% और मैहर में 40% कम बारिश हुई है। सतना में 2.31 लाख हेक्टेयर लक्ष्य के मुकाबले सिर्फ 62 हजार हेक्टेयर और मैहर में 1.07 लाख हेक्टेयर लक्ष्य के मुकाबले 28 हजार हेक्टेयर में ही बोवनी हुई है।

दतियाः जिले में 28% कम बारिश होने से सूखे जैसे हालात बन गए हैं। धान के 97 हजार हेक्टेयर लक्ष्य के मुकाबले सिर्फ 5,850 हेक्टेयर में बोवनी हो सकी है।

## खबर एक नजर...



### अमृत सरोवर बने जल सुरक्षा और कृषि समृद्धि के आधार

**बुरहानपुर।** मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान जिले में जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देने में सफल रहा है। अभियान के तहत निर्मित अमृत सरोवर इस वर्षा ऋतु में पानी से भरकर न केवल जल संरक्षण का उदाहरण बने हैं, बल्कि भूजल स्तर सुधार, सिंचाई विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों में जल उपलब्धता बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। इन जल संरचनाओं से गांवों में हरियाली बढ़ी है और किसानों को खेती के लिए स्थायी जल स्त्रोत उपलब्ध हुए हैं। ग्राम असीर में हिरला के खेत के समीप 39.99 लाख रुपये की लागत से बना अमृत सरोवर जल संरक्षण का बेहतर उदाहरण बनकर उभरा है। 102 मीटर लंबा और 18,000 घनमीटर जल भंडारण क्षमता वाला यह सरोवर वर्षा जल का प्रभावी संचयन कर आसपास के क्षेत्र का भूजल स्तर सुधार रहा है। इससे किसानों को सिंचाई के लिए अतिरिक्त पानी उपलब्ध होने लगा है। ग्राम पंचायत इटारिया में निर्मित अमृत सरोवर वर्षा में जल से परिपूर्ण होकर प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र बन गया है। 23,000 घनमीटर क्षमता वाले इस तालाब का उपयोग सिंचाई और मछली पालन सहित अन्य कार्यों में किया जाएगा। यह जल संरक्षण के साथ पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण परिवेश की सुंदरता बढ़ाने का भी माध्यम बना है।

### 3 मोर मृत मिले,कीटनाशक खाने से मौत की आशंका

**टांडा(धार)।** टांडा से करीब 8 किलोमीटर दूर गेट्टा बड़कच के जंगल मे 3 मोर के दर्दनाक मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों को, मोरो की मौत खेतों में रासायनिक उर्वरक और कीटनाशक युक्त दाना खाने से होने आशंका है। तीनो मोरो का 2 डॉक्टर की पैनल के द्वारा शव प्रशिक्षण किया गया। जिसके बाद राष्ट्र पक्षी का तहसीलदार सुरेशचन्द्र जमरे, वन विभाग के एसडीओ सुनील सुलिया, वनपरिक्षेत्राधिकारी होशियार सिंह कन्नौजे,प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल अजय चौहान की उपस्थिति में ससम्मान अंतिम संस्कार किया गया। एसडीओ सुनील सुलिया ने जानकारी देते हुए बताया शुक्रवार सुबह वन गस्ती के दौरान बिटगार्ड को वन क्षेत्र क्रमांक 34 में 3 मोर मृत अवस्था मे मिले। सूचना पर वन विभाग की टीम मोके पर पहुची एवं प्रारंभिक जांच कर शव को टांडा वन विभाग के कार्यालय लाया गया जहां दो डॉक्टरों की पैनल ने शव का पोस्टमार्टम किया। ततपश्चात नियमानुसार सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

### 30 जुलाई तक आयोजित होगा नशे से दूरी है जरूरी अभियान

**खण्डवा।** नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 15 से 30 जुलाई तक ह्लनशे से दूरी है जरूरीह्व आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स और स्काउट गाइड युवाओं को नशा मुक्त समाज के निर्माण का संदेश देंगे। इस दौरान जागरूकता रैली, ड्रग अवेयरनेस रन की गतिविधियां होंगी। विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन की शपथ भी दिलाई जाएगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता के लिए रील्स निर्माण तथा उनका प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही नशा मुक्ति विषय पर विशेष व्याख्यान और डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन आयोजित होंगे। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग ने बताया कि अभियान के दौरान चित्रकला, निबंध, पेंटिंग, स्लोगन, रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को नशा मुक्ति का संदेश दिया जाएगा।

# 4 लाख पेंशनर्स को समय पर मिलेगी महंगाई राहत

### केंद्र के DR बढ़ाते ही MP करेगा लागू, छत्तीसगढ़ की अब मंजूरी नहीं लगेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश के करीब 4 लाख पेंशनर्स के लिए बड़ी राहत है। अब केंद्र सरकार जैसे ही महंगाई राहत बढ़ाएगी, मध्यप्रदेश सरकार भी उसे छत्तीसगढ़ की सहमति का इंतजार किए बिना लागू कर सकेगी। इससे वर्षों से चली आ रही देरी खत्म होगी और पेंशनर्स को समय पर बढ़ी हुई महंगाई राहत का लाभ मिल सकेगा। यह बदलाव मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकारों की आपसी सहमति से लागू किया गया है। दोनों राज्यों ने तय किया है कि अब महंगाई राहत बढ़ाने के लिए एक-दूसरे की मंजूरी लेना जरूरी नहीं होगा। दोनों राज्य अपने-अपने स्तर पर केंद्र सरकार के फैसले के बाद डीआर घोषित कर उसका भुगतान कर सकेंगे। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। दरअसल, वर्ष 2000 में मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ बनने के बाद पेंशनर्स को महंगाई राहत देने के लिए दोनों राज्यों की सहमति अनिवार्य कर दी गई थी। इसी वजह से कई बार महंगाई राहत बढ़ने के बावजूद पेंशनर्स को 6-6 महीने तक इंतजार करना पड़ता था। अब यह व्यवस्था समाप्त कर दी गई है।



मध्यप्रदेश के वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव मनीष रस्तोगी और छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग के सचिव की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि अब पेंशनर्स की महंगाई राहत बढ़ाने के लिए विधायी संशोधन की जरूरत नहीं होगी। दोनों राज्य कार्यकारी आदेश जारी कर स्वतंत्र रूप से डीआर लागू कर सकेंगे। हालांकि, दोनों राज्यों के बीच वित्तीय भार की जानकारी साझा की जाएगी, लेकिन महंगाई राहत घोषित करने के लिए दूसरे राज्य की सहमति जरूरी नहीं होगी। साथ ही, कोई भी राज्य केंद्र सरकार द्वारा घोषित महंगाई राहत की दर से अधिक राहत नहीं देगा।

उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पेंशनर्स के हित में संवेदनशील और सकारात्मक निर्णय लिया है। अब मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ महंगाई राहत देने का फैसला स्वतंत्र रूप से कर सकेंगे, जिससे अनावश्यक विलंब समाप्त होगा और प्रदेश के करीब 4 लाख पेंशनर्स एवं उनके परिवारों को समय पर लाभ मिलेगा।

### तस्करों की कार ने बाइक सवार दंपती को कुचला

**नीमच .** कैंट थाना क्षेत्र के मावन गांव में नीमच नारकोटिक्स टीम से बचकर भाग रही तस्करों की एस्कॉर्ट कार ने बाइक सवार परिवार को कुचल दिया। हादसे में अज्ञात महिला-पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका 4 वर्षीय बच्चा और एक अन्य व्यक्ति गोवर्धन कुशवाह गंभीर रूप से घायल हो गए। गोवर्धन को भोपाल रेफर किया गया है। नारकोटिक्स टीम ने 3 करोड़ रुपये कीमत के 25-30 क्विंटल डोडाचूरा से भरे ट्रक (NL 01 AB 3364) को मावन पेट्रोल पंप पर डीजल भरवाते समय पकड़ा था। टीम को देखकर 150 किमी/घंटा की रफ्तार से भाग रही तस्करों की कार पेड़ उखाड़ते हुए एक घर से टकरा गई।

# बीच में कोचिंग छोड़ने पर स्टूडेंट्स को वापस मिलेगी फीस

### यूसीसी, फायर एक्ट जैसे बिल विधानसभा के मानसून सत्र में होंगे पेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में निजी कोचिंग संस्थानों पर पहली बार व्यापक नियमन लागू करने की तैयारी है। सरकार मानसून सत्र में निजी कोचिंग संस्थान (पंजीयन एवं विनियमन) विधेयक, 2026 पेश कर सकती है। प्रस्तावित कानून के तहत यदि कोई छात्र बीच में कोचिंग छोड़ता है तो संस्थान को 10 दिन के भीतर शेष फीस वापस करनी होगी। इसके साथ ही पंजीयन, प्रवेश, विज्ञापन और संचालन से जुड़े कई नए नियम लागू होंगे।

सरकार 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' विधेयक, 2026 लाने की तैयारी में है। इसके तहत उद्योग लगाने के लिए अलग-अलग विभागों से अनुमति लेने की व्यवस्था समाप्त कर एकीकृत प्रणाली बनाई जाएगी। सभी मंजूरियां एक ही प्लेटफॉर्म से मिलेंगी और निवेशकों को विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इससे परियोजनाओं की स्वीकृति प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद है।



निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक, 2026 में भूमि सहित कई शर्तों में बदलाव का प्रस्ताव है। नई शिक्षा नीति के अनुरूप आधारभूत ढांचे, शैक्षणिक गुणवत्ता और अन्य मानकों को सरल बनाया जाएगा। सरकार का उद्देश्य निजी क्षेत्र में उच्च शिक्षा के नए निवेश को बढ़ावा देना है।

अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विधेयक, 2026 के तहत 15 मीटर से अधिक ऊंची इमारतों, बड़े स्कूलों, छात्रावासों, अस्पतालों, मॉल और व्यावसायिक परिसरों में फायर सेफ्टी के कड़े मानक लागू किए जाएंगे। नियमों का पालन नहीं करने पर दंड का प्रावधान रहेगा। इसके साथ ही फायर सेफ्टी टैक्स लगाने का भी प्रस्ताव है।

श्रम कानूनों का होगा एकीकरण

मध्यप्रदेश श्रम संहिता, 2026 के जरिए विभिन्न श्रम कानूनों को एकीकृत किया जाएगा। उद्योगों के लिए अनुपालन प्रक्रिया सरल बनाने के साथ श्रमिकों के अधिकारों और कार्यस्थल की व्यवस्थाओं को नए प्रावधानों के अनुसार व्यवस्थित किया जाएगा।

### नागरिक सुरक्षा कानून में डिजिटल व्यवस्था

मध्यप्रदेश नागरिक सुरक्षा संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 में बीएनएसएस के अनुरूप न्यायिक और पुलिस प्रक्रियाओं को अधिक डिजिटल बनाने का प्रस्ताव है। इससे जांच और प्रशासनिक प्रक्रिया को तकनीक आधारित और अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास किया जाएगा।

**समान नागरिक संहिता पर भी आएगा विधेयक-** सरकार मानसून सत्र में मध्यप्रदेश समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक, 2026 भी पेश कर सकती है। प्रस्तावित कानून में विवाह, तलाक, गोद लेने और उत्तराधिकार जैसे मामलों में सभी धर्मों के लिए समान कानूनी व्यवस्था लागू करने का प्रावधान रखा गया है। महिलाओं और बच्चों के अधिकारों को लेकर भी विशेष प्रावधान शामिल किए जाने की तैयारी है।

### नहीं बदले हालात:वैवाहिक हिंसा में कमी, पर महिलाओं के साथ सबसे ज्यादा मारपीट पति ही कर रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ वैवाहिक हिंसा के मामलों में कमी जरूर आई है, लेकिन हालात अब भी चिंताजनक ही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार प्रदेश में विवाहित महिलाओं के खिलाफ होने वाली वैवाहिक हिंसा में 6.6% की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। बीते तीन वर्षों में यह आंकड़ा 28.0% से घटकर 21.4% पर आ गया है। आंकड़ों के मुताबिक, 15 वर्ष की आयु के बाद प्रताड़ना का सामना करने वाली प्रदेश की विवाहित महिलाओं ने सबसे अधिक (90.8%) हिंसा अपने पति से ही झेली है।

इससे भी अधिक चिंताजनक स्थिति समाज की संवेदनशीलता पर सवाल उठाती है। रिपोर्ट बताती है कि गर्भावस्था जैसी नाजुक स्थिति में भी महिलाओं पर रहम नहीं खाया जा रहा है। पिछले तीन साल में इस स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है और गर्भवती महिलाओं के साथ मारपीट का आंकड़ा 2.3% पर स्थिर बना हुआ है। कोख में पल रहे बच्चे पर भी नहीं रहमः गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा सिर्फ धक्का-मुक्की तक सीमित नहीं है। सर्वे के अनुसार, 25% को थप्पड़ मारे जाते हैं। 12% को धक्का दिया या झकझोरकर या कोई वस्तु फेंककर मारी गई। वहीं, 7% को मुक्के-लात मारकर घसीटा गया और 2% मामलों में गला घोंटने या जलाने की कोशिश की गई।

# जनगणना में खुलेगी प्रॉपर्टी टैक्स चोरी की पोल, एमपी में 55 लाख शहरी घरों का होगा सर्वे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

आपका खुद का मकान है और नगर निगम आपके यहां पानी सप्लाई कर रही है ऐसे में यदि आप नगर निकाय को प्रॉपर्टी टैक्स और वॉटर टैक्स नहीं दे रहे हैं, आपका नाम की अब लिस्ट तैयार हो रही है। दरअसल, प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में प्रॉपर्टी टैक्स और जलकर की चोरी पर रोक लगाने के लिए राज्य सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। फरवरी 2027 में होने वाली जनगणना के दौरान प्रगणकों (एन्यूमरेटर) से विशेष सर्वे कराया जाएगा, जिसके जरिए यह पता लगाया जाएगा कि किन मकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर टैक्स लागू होने के बावजूद कर जमा नहीं किया जा रहा है।नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इस संबंध में सभी कलेक्टरों, नगर निगम आयुक्तों, नगरपालिका और नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों (सीएमओ) को तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए हैं। विभाग के मुताबिक, प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में फिलहाल करीब 55 लाख घर हैं और इस सर्वे के माध्यम से नए बने मकानों का रिकॉर्ड भी अपडेट किया जाएगा।

### जनगणना फॉर्म में जुड़ेंगे दो नए कॉलम

सरकार जनगणना सर्वे में संपत्ति कर और जलकर से जुड़े दो अतिरिक्त कॉलम शामिल कराने का प्रस्ताव रखेगी। प्रगणक प्रत्येक मकान और व्यावसायिक प्रतिष्ठान का भौतिक सत्यापन करेंगे। इससे भवन की वर्तमान स्थिति, उपयोग और स्वामित्व संबंधी जानकारी अपडेट होगी।

### वाटर टैक्स का होगा सत्यापन

सर्वे के दौरान यह भी जांच होगी कि किसी भवन में नगर निकाय का जल कनेक्शन है या नहीं, वह चालू है या बंद, और मीटर की क्या स्थिति है। प्रगणक संपत्ति कर और जलकर की आईडी भी पूछेंगे, ताकि नगर निकाय के रिकॉर्ड से उसका मिलान किया जा सके। विभाग ने सभी भवनों के लिए यूनिक प्रॉपर्टी आईडी तय करने और आधारित रिकॉर्ड को अपडेट करने के निर्देश दिए हैं।

## सिर्फ इकोनॉमी क्लास में करेंगे हवाई सफर
# एमपी में अफसरों के विदेश दौरों पर रोक

### 2 साल तक होटल में नहीं होगी वर्कशॉप और ट्रेनिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार ने सरकारी खर्चों पर बड़ी सख्ती लागू कर दी है। वित्त विभाग ने शुक्रवार को आदेश जारी कर सरकारी खर्च पर होने वाले अफसरों के विदेश दौरों पर रोक लगा दी है। अब सरकारी काम से हवाई यात्रा सिर्फ इकोनॉमी क्लास में होगी। अगले दो साल तक होटलों और व्यावसायिक केंद्रों में कार्यशाला, बैठकें और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे। नई कंसल्टेंसी सेवाओं के अनुबंध पर भी रोक लगा दी गई है। वित्त विभाग ने ये निर्देश वित्तीय वर्ष 2026-27 और 2027-28 के बजट आवंटन को व्यवस्थित रखने और गैर-जरूरी खर्चों पर नियंत्रण के लिए जारी किए हैं। आदेश सभी सरकारी विभागों, निगमों, मंडलों, सार्वजनिक उपक्रमों और विश्वविद्यालयों पर तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

सरकार ने वीआईपी संस्कृति और अनावश्यक खर्चों पर भी सख्ती दिखाई है। बेहद जरूरी मामलों को छोड़कर सरकारी खर्च पर विदेश यात्राएं अगले आदेश तक बंद रहेंगी। नए साल और अन्य अवसरों पर छपने वाले सरकारी कैलेंडर, डायरी, वीआईपी गिफ्ट और स्वागत समारोहों पर होने वाले खर्च पर भी रोक लगा दी गई है।

आदेश के मुताबिक सरकारी कार्य से यात्रा करने वाले अधिकारी और कर्मचारी अब केवल इकोनॉमी क्लास में ही हवाई सफर कर सकेंगे। बिजनेस या अन्य उच्च श्रेणी में यात्रा की अनुमति नहीं होगी। सरकार ने निर्देश दिए हैं कि अगले दो वित्तीय वर्षों तक महंगे होटलों और व्यावसायिक केंद्रों में कार्यशाला, बैठकें और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे। इसके बजाय सरकारी भवनों में कार्यक्रम आयोजित करने या वर्चुअल बैठक और वेबिनार को प्राथमिकता दी जाएगी।

### कार्यालयों की आंतरिक साज-सज्जा पर होने वाले गैर-जरूरी खर्च भी बंद रहेंगे।

सरकार ने वाहन खर्च कम करने के लिए व्हीकल पूलिंग नीति लागू करने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त प्रभार वाले पद का वाहन दूसरे पात्र अधिकारी को दिया जाएगा। विभागाध्यक्षों को अनुबंधित वाहनों की संख्या सीमित करने और दो या अधिक अधिकारियों के बीच एक वाहन साझा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### नई कंसल्टेंसी पर रोक, निगम मंडलों को देना होगा लाभांश

वित्त विभाग ने नई कंसल्टेंसी सेवाओं के अनुबंध पर भी रोक लगा दी है। वहीं सभी निगमों, मंडलों और सरकारी उपक्रमों को अपने लाभांश (डिविडेंड) की अधिकतम संभव राशि राज्य शासन के खाते में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सरकारी संसाधन मजबूत किए जा सकें। करीब एक महीने पहले सामान्य प्रशासन विभाग ने मितव्ययिता से जुड़े निर्देश जारी किए थे। अब वित्त विभाग ने इन्हें बजट अनुशासन के तहत सभी विभागों, निगमों, मंडलों, सार्वजनिक उपक्रमों और विश्वविद्यालयों के लिए लागू कर दिया है।

# कारोबारी को लगाया 46.40 लाख का चूना, सस्ते प्लॉट का दिया झांसा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर के महाराजपुरा थाना क्षेत्र में दोस्ती की आड़ में करोड़ों की ठगी का मामला सामने आया है। 20 साल पुराने कारोबारी दोस्त ने पहले सस्ते दाम में प्लॉट दिलाने का भरोसा दिलाया और फिर बैंक नीलामी के नाम पर फर्जी बैंक अधिकारियों, जाली दस्तावेजों और नकली रसीदों के जरिए ?46.40 लाख की ठगी कर ली। मामला दिसंबर 2023 का है।

जांच में दस्तावेज फर्जी मिलने के बाद महाराजपुरा थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और धमकी देने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार डीडी नगर निवासी रामअवतार सिंह राठौड़ की भिंड निवासी कृष्ण गोपाल सिंह उर्फ अनिल श्रीवास से करीब 20 साल पुरानी दोस्ती थी। कृष्ण गोपाल और उसकी पत्नी सरिता श्रीवास ने शताब्दीपुरम में एक प्लॉट ?80 लाख में दिलाने का प्रस्ताव दिया। दोस्ती पर भरोसा कर रामअवतार ने आरटीजीएस के माध्यम से ?7 लाख एडवांस देकर एग्रीमेंट भी कर लिया।

कुछ समय बाद आरोपियों ने बैंक नीलामी में कम कीमत पर दूसरा प्लॉट दिलाने का लालच दिया। इस दौरान अमित श्रीवास को एचडीएफसी बैंक का फील्ड ऑफिसर, विनय शर्मा और धर्मवीर सिंह को बैंक मैनेजर तथा रामगोपाल राजोरिया को हाउसिंग बोर्ड का अधिकारी बताकर पीड़ित का विश्वास जीता गया।

आरोपियों ने एचडीएफसी बैंक के फर्जी लेटरहेड, जाली सील और कूटरचित रसीदें देकर अलग-अलग किश्तों में 39.40 लाख और वसूल लिए। इस तरह पीड़ित से कुल 46.40 लाख की रकम ले ली गई। जब रामअवतार ने प्लॉट की रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाया तो आरोपी लगातार बहाने बनाने लगे। शक होने पर उन्होंने रजिस्ट्री कार्यालय, ग्वालियर विकास प्राधिकरण (जीडीए) और एचडीएफसी बैंक में दस्तावेजों की जांच कराई। जांच में सामने आया कि दिखाई गई ई-रजिस्ट्री पूरी तरह फर्जी थी

# अमेरिका का लगातार सातवीं रात ईरान पर हमला

## भारत के निवेश वाले चाबहार पोर्ट पर अटैक; ईरान ने कतर-कुवैत पर दागीं मिसाइलें

अमेरिका ने शनिवार को लगातार सातवीं रात ईरान पर एयरस्ट्राइक की। इन हमलों में पुल, एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर और भारत के निवेश वाले चाबहार पोर्ट का एक कंट्रोल (निगरानी) टावर निशाना बना। जवाब में ईरान ने कतर, कुवैत, बहरीन और जॉर्डन की ओर मिसाइलें दागीं।

चाबहार पोर्ट के टावर पर पिछले एक हफ्ते में यह चौथा हमला है। इससे पहले शुक्रवार को भी ईरानी समाचार एजेंसी मेहर ने चाबहार पोर्ट और कंट्रोल टावर पर अमेरिकी हमले की पुष्टि की थी। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने टावर के क्षतिग्रस्त होने की तस्वीर भी शेयर की।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि फाइटर जेट, ड्रोन और युद्धपोतों से ईरान के कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया गया। उएठळउडट ने कहा कि हमलों में तटीय निगरानी केंद्र, एयर डिफेंस सिस्टम, सैन्य लॉजिस्टिक्स और समुद्री सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया।

चाबहार पोर्ट भारत के लिए रणनीतिक रूप से अहम है। भारत ने इसके विकास में निवेश किया है और इसका संचालन भारतीय कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड कर रही है। यह बंदरगाह भारत को पाकिस्तान को बायपास कर अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक व्यापारिक पहुंच उपलब्ध कराता है।

### ईरान बोला- अमेरिकी हमलों में 46 लोगों की मौत

ईरान का दावा है कि हालिया अमेरिकी हमलों में 46 लोगों की मौत और 400 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। दूसरी ओर, अमेरिका ने बताया कि इस सप्ताह उसके 13 सैनिक घायल हुए हैं। युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक 14 अमेरिकी सैनिक मारे गए और 427 घायल हुए हैं। ईरान ने यमन के हूती विद्रोहियों से कहा है कि अगर अमेरिका ईरान के बिजली ढांचे पर हमला करता है तो वे बाब अल-मंदेब स्ट्रेट को बंद करने के लिए तैयार रहें। समुद्री डेटा कंपनी केप्लर के आंकड़ों के मुताबिक बुधवार को सिर्फ 9 जहाजों ने होर्मुज पार किया। मंगलवार को यह संख्या 13 थी।

### होर्मुज में भारतीय नाविकों की तैनाती नहीं होगी

भारत सरकार ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर भारतीय नाविकों की तैनाती फिलहाल रोकने के निर्देश दिए हैं।

### कुवैत और बहरीन में अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन हमला

ईरान ने कुवैत और बहरीन स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन हमले किए गए। ईरानी सांसद बोले- अमेरिका ने जमीनी हमला किया तो हम कुवैत और बहरीन में घुस जाएंगे ईरानी सांसद अहमद बख्शायेश अर्देस्तानी ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने ईरान पर जमीनी हमला किया, तो ईरान कुवैत और बहरीन पर भी जमीनी हमले कर सकता है। उन्होंने अमेरिका की उस कथित धमकी का भी जिक्र किया, जिसमें खार्ग द्वीप पर कब्जा करने की बात कही गई थी। अर्देस्तानी ने दावा किया कि अमेरिकी सेना एक दिन के लिए खार्ग द्वीप पर कब्जा कर सकती है, लेकिन वहां लंबे समय तक टिक नहीं पाएगी, क्योंकि यह द्वीप ईरानी मिसाइलों की जद में है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका ने वहां जमीनी हमला किया, तो उसके सैनिक तोप का चारा बन जाएंगे।




**पड़ोसी देशों में भी महसूस हुए झटके**

# मेक्सिको में 7.4 तीव्रता का भूकंप, सुनामी का खतरा बढ़ा:10 लाख लोगों के लिए अलर्ट जारी

### 300 किमी के दायरे में सुनामी का खतरा

ब्रह्मास्त्र ›› मेक्सिको

मेक्सिको के दक्षिणी राज्य चियापास के तट पर शुक्रवार को 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। इसके बाद करीब 10 लाख लोगों के लिए सुनामी का अलर्ट जारी किया गया है।

अमेरिकी एजेंसी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र मेक्सिको के प्यूर्टो मडेरो शहर के पास था। यह 10 किलोमीटर की गहराई पर आया, जिससे आसपास के इलाकों में तेज झटकों की आशंका बढ़ गई है। वर सुनामी वार्निंग सिस्टम ने इस क्षेत्र के लिए सुनामी का अलर्ट जारी किया है। 7.4 तीव्रता के भूकंप को 'मेजर' कैटेगरी में रखा जाता है, जो बड़े पैमाने पर तबाही मचा सकते हैं। भूकंप के झटके मेक्सिको के पड़ोसी देश ग्वाटेमाला और अल साल्वाडोर में भी महसूस किए गए। फिलहाल किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

अधिकारियों ने चेतावनी दी कि भूकंप के केंद्र से करीब 300 किलोमीटर के दायरे में खतरनाक सुनामी लहरें उठ सकती हैं। सुनामी अलर्ट मुख्य रूप से 3 इलाकों के लिए जारी किया गया है, चियापास का दक्षिणी प्रशांत तट, ओआक्साका के तटीय इलाके, ग्वाटेमाला से लगे प्रशांत तटीय क्षेत्र. प्रशासन ने लोगों से समुद्र तट और निचले तटीय इलाकों से दूर रहने की अपील की है। मेक्सिको-ग्वाटेमाला सीमा पर स्थित सुचियाते में समुद्र के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है।




### भूकंप क्यों आते हैं

पिछले 30 दिनों में इस इलाके में 22 भूकंप दर्ज किए गए हैं। इनमें शुक्रवार का 7.4 तीव्रता वाला भूकंप सबसे शक्तिशाली बताया जा रहा है। भूकंप के तुरंत बाद अधिकारियों ने कहा कि समुद्र में उठने वाली ऊंची और खतरनाक लहरें तटीय इलाकों में बाढ़ ला सकती हैं। हालांकि, अमेरिका के नेशनल सुनामी वार्निंग सेंटर ने साफ किया है कि अमेरिका के पश्चिमी तट, ब्रिटिश कोलंबिया और अलास्का के लिए सुनामी का कोई खतरा नहीं है। हमारी धरती की सतह मुख्य तौर पर 7 बड़ी और कई छोटी-छोटी टेक्टोनिक प्लेट्स से मिलकर बनी है। ये प्लेट्स लगातार तैरती रहती हैं और कई बार आपस में टकरा जाती हैं। टकराने से कई बार प्लेट्स के कोने मुड़ जाते हैं और ज?यादा दबाव पड़ने पर ये प?लेट्स टूटने लगती हैं। ऐसे में नीचे से निकली ऊर्जा बाहर की ओर निकलने का रास्ता खोजती है और इस डिस्?टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

# फॉकलैंड पर फिर भिड़े अर्जेंटीना-ब्रिटेन: ब्रिटिश वॉरशिप के समुद्री इलाके में घुसने का आरोप; बैनर से विवाद बढ़ा

## अर्जेंटीना की उपराष्ट्रपति ने इंग्लैंड को समुद्री लुटेरा कहा

ब्रह्मास्त्र ›› अर्जेंटीना

फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराने के कुछ घंटों बाद अर्जेंटीना और ब्रिटेन के बीच फॉकलैंड द्वीप को लेकर नया विवाद शुरू हो गया। अर्जेंटीना ने आरोप लगाया कि ब्रिटेन की रॉयल नेवी का वॉरशिप ल्टर मेडवे बिना अनुमति उसके समुद्री क्षेत्र में घुस आया। अर्जेंटीना ने इसे सैन्य घुसपैठ करार दिया। विदेश मंत्री पाब्लो क्विर्नो ने कहा कि इस मामले में ब्रिटिश दूतावास के सामने औपचारिक विरोध दर्ज कराया गया है। वहीं ब्रिटेन ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि यात्रा की जानकारी पहले ही अर्जेंटीना सरकार को दे दी गई थी और यह अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप थी।

यह विवाद उस समय और बढ़ गया जब इंग्लैंड को हराकर फाइनल में पहुंचने के बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ियों ने मैदान पर ह्यलास माल्विनास सन अर्जेंटीनाह्व (माल्विनास अर्जेंटीना का है) लिखा बैनर लहराया। अर्जेंटीना में फॉकलैंड को माल्विनास कहा जाता है। इस घटना के बाद दोनों देशों का पुराना विवाद फिर चर्चा में आ गया। मैच से पहले अर्जेंटीना की उपराष्ट्रपति विक्टोरिया वियारुएल ने इंग्लैंड को आक्रमणकारी और कब्जा करने वाले समुद्री लुटेरे तक कहा था। मैच जीतने के बाद उन्होंने खिलाड़ियों की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, फॉकलैंड अर्जेंटीना का है। हमें स्टेडियम में यह बैनर ले जाने से रोका गया, लेकिन वे भूल गए कि माल्विनास हमारे खून और हमारे दिल में बसता है। वहीं, ब्रिटेन के बिजनेस सेक्रेटरी पीटर काइल ने खिलाड़ियों के बैनर को पूरी तरह अनुचित बताया। उन्होंने कहा कि फुटबॉल में राजनीति की कोई जगह नहीं होनी चाहिए और फीफा को जांच करनी चाहिए कि कहीं खिलाड़ियों ने राजनीतिक संदेश देने संबंधी नियमों का उल्लंघन तो नहीं किया।




### बांग्लादेश ने भारत की जगह चीन को सौंपा तीस्ता प्रोजेक्ट

ब्रह्मास्त्र ›› ढाका

बांग्लादेश और चीन के संबंधों में चीनी कुछ ज्यादा ही घुलने लगी है। बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने तीस्ता नदी प्रोजेक्ट में भारत के इन्वेस्टमेंट ऑफर को ना कर इसे चीन को सौंप दिया है। चीन लगभग 9 हजार करोड़ रुपए के तीस्ता रिवर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट में 7 हजार करोड़ सॉफ्ट लोन के रूप में देगा। बांग्लादेश को इसे 50 साल में चुकाना होगा। जबकि भारत ने चीन को बाहर रखने के लिए 2024 में तत्कालीन शेख हसीना सरकार को 9 हजार करोड़ का प्रस्ताव भेजा था। हालांकि हसीना सरकार के पतन के बाद मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने इस पर कोई फैसला नहीं किया। अब रहमान सरकार ने चीन की सरकारी कंपनी पावर चाइना से समझौता किया है। इस जीटूजी एग्रीमेंट के तहत चीन के इंजीनियरों का दल पिछले हफ्ते ही बांग्लादेश आया था।

### ट्रम्प बोले- 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में धांधली हुई

ब्रह्मास्त्र ›› वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को चुनाव सुरक्षा पर राष्ट्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर दावा किया कि 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में धांधली हुई थी। ट्रम्प ने कहा कि उनकी सरकार चुनाव सुरक्षा से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक यानी डिक्लासिफाई कर रही है। व्हाइट हाउस की ओर से जारी इन दस्तावेजों के मुताबिक, चीन ने 2020 के चुनाव के दौरान 22 करोड़ अमेरिकी वोटरों का डेटा चुराया था। ट्रम्प के अनुसार, 18 राज्यों का वोटर डेटा हैक या हासिल किया गया। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि खुफिया एजेंसियों को इसकी जानकारी थी, लेकिन इसे राष्ट्रपति, कांग्रेस और जनता से छिपाया गया। हालांकि, न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प के इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। सार्वजनिक दस्तावेज उनके सभी दावों की स्पष्ट पुष्टि नहीं करते। वहीं, 2020 के चुनाव के बाद हुई जांच, ऑडिट, पुनर्गणना और अदालतों की सुनवाई में बड़े पैमाने पर चुनावी धांधली के सबूत नहीं मिले थे। ट्रम्प ने कहा कि जांच में करीब 2.78 लाख गैर-नागरिक संघीय चुनावों के लिए वोटर के रूप में रजिस्टर्ड मिले।

# इंडियन बुलेट-ट्रेन प्रोजेक्ट लेट होने से पूर्व जापानी मंत्री नाराज, भारतीय मंत्री का रवैया खराब

ब्रह्मास्त्र ›› टोक्यो

भारत के बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में देरी होने पर जापान के पूर्व न्याय मंत्री हिदेकी माकिहारा ने भारत पर ही गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि देरी की सबसे बड़ी वजह भारतीय मंत्री का रवैया रहा।

माकिहारा ने कहा- मैं खुद प्रोजेक्ट से जुड़ा रहा। जापानी टीम ने पूरी मेहनत की, लेकिन उम्मीद के मुताबिक नतीजे नहीं मिले। भारतीय पक्ष ने वादे पूरे नहीं किए, समझौतों से पीछे हट गए। अपने हिसाब से शर्तें बदलते रहे। इसी वजह से प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ा।

माकीहारा ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को लेकर यह बात कही। पीएम नरेंद्र मोदी और जापानी के पूर्व ढट शिंजो आबे ने 14 सितंबर 2017 में इस प्रोजेक्ट का इनॉगरेशन किया था।



भारतीय विदेश मंत्रालय ने माकीहारा के बयान पर कहा- भारत और जापान के बीच बातचीत अच्छी तरह आगे बढ़ रही है। माकिहारा के मुताबिक, जापान की प्रधानमंत्री के दौरे से भी कोई नतीजा नहीं निकला। प्रधानमंत्री साने ताकाइची 1-3 जुलाई 2026 में भारत दौरे पर आई थी। इस दौरान दोनों देशों ने 129 समझौतों का ऐलान किया था। इन समझौतों का मकसद निवेश, उद्योग, मैन्युफैक्चरिंग, तकनीक, कौशल विकास और सप्लाई चेन सहयोग को मजबूत करना है। माकिहारा ने पोस्ट में टॉयो केइजाई ऑनलाइन की रिपोर्ट भी शेयर की। इसमें दावा किया गया कि बुलेट ट्रेन के सबसे अहम सेफ्टी सिस्टम (सिग्नलिंग सिस्टम) में जापान को शामिल नहीं किया गया। माकीहारा ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के आगे न बढ़ पाने की पूरी जिम्मेदारी 100% भारतीय पक्ष की है।

# विधानसभा में प्रस्ताव पास, संसद से संविधान संशोधन की मांग

## गिलगित-बाल्टिस्तान को पाकिस्तान का 5वां राज्य बनाने की तैयारी

ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने अपने अवैध कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान को देश का पांचवां राज्य (प्रांत) बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गुरुवार को गिलगित-बाल्टिस्तान विधानसभा ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से संविधान में संशोधन करके इस क्षेत्र को राज्य का दर्जा देने की मांग की।

प्रस्ताव में कहा गया है कि गिलगित-बाल्टिस्तान के लोगों को पाकिस्तान के दूसरे राज्यों के नागरिकों की तरह समान संवैधानिक, राजनीतिक और लोकतांत्रिक अधिकार दिए जाएं। इसके साथ ही इस क्षेत्र को नेशनल असेंबली, सीनेट और अन्य संघीय संवैधानिक संस्थाओं में प्रतिनिधित्व देने की भी मांग की गई है।

प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री, स्पीकर, डिप्टी स्पीकर, नेता विपक्ष और दो निर्दलीय विधायकों के हस्ताक्षर हैं। अब इसे आगे की मंजूरी के लिए पाकिस्तान की संसद भेजा जाएगा।

फिलहाल पाकिस्तान में चार ही राज्य हैं- पंजाब, सिंध, बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा। गिलगित-बाल्टिस्तान अब तक सीमित स्वशासन के तहत संचालित होता रहा है और उसे पाकिस्तान के अन्य राज्यों जैसा संवैधानिक दर्जा प्राप्त नहीं है। प्रस्ताव में कहा गया है कि गिलगित-बाल्टिस्तान को अभी स्थायी नहीं, बल्कि अस्थायी (प्रोविजनल) तौर पर राज्य बनाया जाएगा।



### गिलगित-बाल्टिस्तान का राज्य बनना कितना मुश्किल?

पाकिस्तान लंबे समय से कहता रहा है कि जम्मू-कश्मीर विवाद का अंतिम समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (वठरउ) के प्रस्तावों के अनुसार जनमत संग्रह (प्लेबिसाइट) के जरिए होना चाहिए। पाकिस्तान के मुताबिक, गिलगित-बाल्टिस्तान भी इसी विवादित क्षेत्र का हिस्सा है। इसी वजह से विशेषज्ञों का मानना है कि विधानसभा से प्रस्ताव पास होने के बावजूद गिलगित-बाल्टिस्तान को पाकिस्तान का स्थायी पांचवां राज्य बनाना आसान नहीं होगा। ऐसा करने पर पाकिस्तान के उस पुराने रुख पर सवाल उठ सकते हैं, जिसमें वह कश्मीर को विवादित क्षेत्र बताता रहा है। यही कारण है कि प्रस्ताव में केवल अस्थायी (प्रोविजनल) राज्य बनाने की बात कही गई है।

■ वर्ष-12 अंक-255 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

सत्यमेव जयते नानृतम् सत्येन पन्था विततो देवयानः।
येनाक्रमत् मनुष्यो ह्यात्मकामो यत्र तत् सत्यस्य परं निधानं॥

**भावार्थ** : जय सत्य का होता है, असत्य का नहीं। दैवी मार्ग सत्य से फैला हुआ है। जिस मार्ग पे जाने से मनुष्य आत्मकाम बनता है, वही सत्य का परम् धाम है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 18 जुलाई, 2026

सत्यमेव व्रतं यस्य दया दीनेषु सर्वदा।
कामक्रोधौ वशे यस्य स साधुः कथ्यते बुधैः॥

**भावार्थ** : 'केवल सत्य' ऐसा जिसका व्रत है, जो सदा दीन की सेवा करता है, काम-क्रोध जिसके वश में है, उसी को ज्ञानी लोग 'साधु' कहते हैं।

## सम्पादकीयम्

## विवाहात् भयम्

न रोदन्ति-पुरुषाः प्रायः स्वदुःखं केनापि सह साझां कर्तुं न शक्नुवन्ति। भवेत् सा महिला यस्याः मातापित्रा उक्तवती यत् यतः तस्याः डोली (वधूपलान्क्विन्) तस्याः वैवाहिकगृहे आगतः, तस्मात् केवलं तस्याः अर्थी (अन्त्येष्टिबियरः) एव तत् त्यक्तव्यम्, अथवा विवाहं स्थापयितुं असफलतायाः कारणेन समाजेन ताडितः पुरुषः–उभयस्मिन् सन्दर्भे समाजः निर्गमनद्वारे सामाजिकलज्जायाः तालं स्थापयति। फलतः उभयोः पक्षयोः मन्दं श्वासप्रश्वासयोः मृत्युः भवति यथा क्वथनजलस्य घटे फसति। यदा वयं विवाहात् भयम् इति वदामः तदा वयं समाजं विवाहं कर्तुं परिवारस्य आरम्भं वा कर्तुं न निरुत्साहयितुं प्रयत्नशीलाः स्मः। वयं केवलं वदामः यत समाजः असफलविवाहस्य अन्तं तलाकं यथा सहजतया सामान्यतया च विवाहं आलिंगयति तथा स्वीकुर्यात्। तलाकं बोगीमैन्, सामाजिककलङ्कं, वर्ज्यं वा न परिणमयन्तु; अन्यथा अवसाद-आत्महत्या-सम्बद्धानि आँकडानि कदापि न न्यूनीभवन्ति। तलाकप्राप्तं पुत्रं वा पुत्रीं वा यस्य जीवनं नष्टं जातम् इति द्रष्टुं त्यजतु। तेषां जीवनं न नष्टम्; अपितु ते अधिकं विनाशात् आत्मानं तारितवन्तः। स्मर्यतां, यः तलाकप्राप्तः व्यक्तिः आत्मसम्मानेन सह जीवति-समाजस्य कतिपयानां ताडनानां सम्मुखीभवन् अपि जीवति, हसन् च-असङ्गतस्य, हिंसकस्य, भावनात्मकरूपेण च खोखलाविवाहस्य सड़ने दमघोषं कृत्वा प्राणान् त्यक्तस्य।

### महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी एप्लिकेशनेन सह सम्बद्धस्य कथितस्य धनशोधनस्य


## अध्यक्षं विकास गर्गं 24 जुलाईपर्यन्तं प्रवर्तन निदेशालयस्य (ईडी) हिरासतेषु प्रेषितम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रायपुर

महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी एप्लिकेशनेन सह सम्बद्धस्य कथितस्य धनशोधनस्य प्रकरणस्य विषये महत्त्वपूर्णविकासे रायपुरस्य विशेषधनशोधनकानूनस्य (पीएमएलए) न्यायालयेन एबिक्स अध्यक्षं विकास गर्गं 24 जुलाईपर्यन्तं प्रवर्तन निदेशालयस्य (ईडी) हिरासतेषु प्रेषितम्। कथितस्य अपराधस्य आयस्य अनुसन्धानं कृत्वा, सम्पूर्णस्य षड्यंत्रस्य विमोचनं कृत्वा, अन्येषां अभियुक्तानां व्यक्तिनां भूमिकानां परीक्षणं च। न्यायालयेन अवलोकितं यत् ईडी इत्यनेन गृहीतस्य, रिमाण्डस्य च औचित्यं दर्शयितुं प्राथमिकरूपेण प्रकरणं स्थापयित्वा पर्याप्तसामग्री प्रस्तुता।

ईडी विशेषन्यायालयस्य समक्षं तर्कयति स्म यत विकास गर्गस्य कथिता भूमिका केवलं अभियुक्तस्य भूमिकां यावत् सीमितं नास्ति अपितु सम्पूर्णस्य वित्तीयअपराधस्य कडिः संयोजयितुं महत्त्वपूर्णा भवितुम् अर्हति। एजन्सी इत्यस्य अनुसारं पीएमएलए-धारा ५० इत्यस्य अन्तर्गतं पूर्वं संगृहीतसाक्ष्यैः, बैंकव्यवहारैः, वित्तीयदस्तावेजैः, विभिन्नेभ्यः व्यक्तिभ्यः अभिलेखितैः विवरणैः च प्रश्नोत्तरकाले तस्य सम्मुखीकरणं आवश्यकम् अस्ति ईडी इत्यनेन उक्तं यत् अन्वेषणं गम्भीरपदे अस्ति-प्रारम्भिकचरणात् परम्-तथा च अनेके तथ्याः उद्धृताः येषां सत्यापनं हिरासतपरीक्षां विना कर्तुं न शक्यते।

विशेषन्यायालयेन स्वस्य आदेशे एतदपि स्पष्टीकृतं यत् विकास गर्गस्य गृहीतस्य न्यायालयस्य समक्षं तस्य प्रस्तुतीकरणस्य च विषये सम्पूर्णा प्रक्रिया कानूनानुसारं कृता







अस्ति। न्यायालयेन रक्षापक्षस्य तर्कः अङ्गीकृतः यत् गिरफ्तारी अवैधः अस्ति, अभियुक्तः निर्धारितस्य २४ घण्टायाः खिडकस्य अन्तः सक्षमन्यायालये न प्रस्तुतः इति। उपलब्धानां अभिलेखानां, घटनाक्रमस्य च परीक्षणं कृत्वा न्यायालयेन अवलोकितं यत् नवीदिल्लीनगरे तस्य गृहीतस्य अनन्तरं विकासगर्गः प्रथमं पारगमननिरोधाय सक्षमन्यायालये प्रस्तुतः तदनन्तरं निर्धारितसमयसीमायाः अन्तः रायपुरनगरस्य विशेषन्यायालये प्रस्तुतः। अतः गिरफ्तारे न्यायिकप्रक्रियायां वा कानूनी अनियमिता न प्राप्ता। सुनवायी के दौरान विकास गर्ग के प्रतिनिधित्व करते वरिष्ठ अधिवक्ता माधव खुराना, अधिवक्ता मकबूल फ्राज च ईडी के रिमाण्ड आवेदन के विरोधं कृतवन्तः। रक्षापक्षस्य तर्कः आसीत् यत् तेषां ग्राहकस्य विरुद्धं प्रत्यक्षं ठोससाक्ष्यं वा नास्ति यत् अभिरक्षणपरीक्षायाः आवश्यकतां न्याय्यं कर्तुं शक्नोति। ते न्यायालयं सूचितवन्तः यत् विकास गर्गः पूर्वं त्रीणि अवसरानि अन्वेषणकार्य्ये सम्मिलितः अभवत्, ईडी द्वारा अनुरोधितानि सर्वाणि आवश्यकानि दस्तावेजानि च प्रदत्तवान्। तेषां मतं यत् अभियुक्तः अन्वेषणे सहकार्यं करोति इति कारणतः अभिरक्षणप्रश्नावली अनावश्यकम् इति। तदतिरिक्तं ते गृहीतस्य वैधानिकतायाः विषये प्रश्नं कृतवन्तः यत् यथायोग्यं कानूनी प्रक्रिया पूर्णतया न अनुसृता इति। परन्तु अभिलेखेषु उपलब्धानां तथ्यानां आधारेण न्यायालयेन एतान् तर्काः अङ्गीकृताः।

विकास गर्गं २४ जुलैपर्यन्तं ईडी-निग्रहे प्रेषयन् न्यायालयेन एजन्सी-इत्यस्मै निर्देशः दत्तः यत् अभियुक्तानां संवैधानिक-मानवाधिकारस्य पूर्णतया सम्मानः करणीयः कालखण्डे। आदेशे स्पष्टतया उक्तं यत् प्रश्नोत्तरे शारीरिकं मानसिकं वा उत्पीडनं न कर्तव्यम् इति। अपि च यदि अभियुक्तस्य चिकित्सायाः नियमितौषधस्य वा आवश्यकता भवति तर्हि एतानि समये एव प्रदातव्यानि, चिकित्सापरामशार्नुसारं भोजनादिसुविधाः सुनिश्चिताः भवेयुः इति च निर्देशं दत्तवान्।

### आधारेषु न्यायालयेन

## आदेशः दत्तः रक्षावकीलः राहुल कास्लीवालः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

बागेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के भाई शालीग्राम किसान पर गोली चलाने के आरोप में गिरफ्तार

छतरपुर : मध्यप्रदेशस्य छतरपुरजिले स्थित बागेश्वर धाम निवासी पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के भाई शालिग्राम गर्ग को पुलिस ने गिरफ्तार किया। शालिग्राम गर्गः कृषकस्य गोलीकाण्डस्य आरोपः अस्ति। गोलीकाण्डस्य घटनासम्बद्धे प्राथमिकीया आधारेण पुलिसैः शालिग्राम गर्गं अंकितमिश्रं च गृहीतम्।

छतरपुरस्य अतिरिक्त एसपी आदित्य पाटले इत्यनेन उक्तं यत गोलीकाण्डस्य घटनायां कुलचत्वारः आरोपिणः सम्मिलिताः सन्ति-तीन नामकाः एकः अज्ञातः च। गृहीतयोः व्यक्तियोः सम्प्रति प्रश्नोत्तरं क्रियते, अन्येषां अभियुक्तानां स्थानं ज्ञातुं पुलिसदलानि निरन्तरं छापां कुर्वन्ति।

शालिग्राम गर्ग पर गोलीकाण्ड का आरोप

राजनगरपुलिसस्थानस्य अधिकारक्षेत्रे कोडाग्रामे जुलैमासस्य १४ दिनाङ्के गोलीकाण्डस्य घटना अभवत । घायल किसान मोतीलाल कुशवाहा ने आरोप लगाया कि शालिग्राम गर्ग-बागेश्वर धाम के प्रमुख पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के भ्राता-उसौ गोली मारी। भूमिविक्रयणस्य अस्वीकारस्य विवादस्य अनन्तरं शालिग्राम गर्गः गोलीकाण्डं कृतवान्। कृषकः मोतीलालकुशवाहा आरोपितवान् यत क्षेत्रे कृषकाणां कृते स्वभूमिविक्रयणार्थं दबावः क्रियते; ये अङ्गीकुर्वन्ति ते आक्रमणस्य, तर्जनस्य च सामनां कुर्वन्ति ।

घायल किसान को जिला अस्पताल में भर्ती

कृषकः आरोपितवान् यत धीरेन्द्रशास्त्री इत्यस्य भ्राता शालिग्राम गर्गः शीघ्रं क्रमेण त्रीणि वा चत्वारि वा गोलिकाः प्रहारं कृतवान्। एकः गोलिका तस्य कर्णं चरति स्म, तं रक्ताभं त्यक्त्वा । तस्य परिवारजनाः तं जिलाचिकित्सालयं नीतवन्तः ।

धीरेन्द्र शास्त्री कथयति- भ्रात्रा सह मम

## नूतनाः मॉडल निकटभविष्यत्काले विपण्यां प्रक्षेपिताः भविष्यन्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

यतो हि पीडितः अनुसूचितजातीयः अस्ति, अतः अनुसूचितजाति-अनुसूचितजनजाति (अत्याचारनिवारण) अधिनियमस्य धाराः अपि अभियुक्तानां विरुद्धं प्रवर्तन्ते

अन्वेषणसंस्थानां अनुसारं निदा खान इत्यस्याः आरोपः अस्ति यत सः पीडितायाः कृते बुर्का, धार्मिकसाहित्यं च प्रदत्तवान्, तस्याः मोबाईल-फोने इस्लाम-सम्बद्धानि एप्लिकेशन्स संस्थापितवान्, तस्याः गृहं गत्वा नमाज-प्रदानं कथं कर्तव्यमिति शिक्षयति, हिजाब-धारणाय च प्रोत्साहयति स्म परन्तु न्यायिकप्रक्रियायाः समाप्तेः अनन्तरमेव एतेषां

## राशिफल

**मेष** : प्रगति के अवसर मिलने की संभावना है। इसलिए नई संभावनाओं के लिए खुले रहें। छोटी-छोटी जीत का आनंद लें।

**वृषभ** : चुनौतियों को आत्मविश्वास के साथ अपनाएं और डिसीजन लेते समय खुद पर भरोसा करें।

**मिथुन** : अपने आप को क्लियर रूप से एक्सप्रेस करें। पर्सनल गोल्स बनाए रखते हुए जिम्मेदारियों को बैलेंस करने पर ध्यान दें।

**कर्क** : अप्रत्याशित अवसर मिल सकते हैं, जिसके लिए इनोवेटिव सोच की आवश्यकता होगी। दिन उतार-चढ़ाव से रहने वाला है।

**सिंह** : भावनाओं को नियंत्रित करने और बदलाव को अपनाने पर ध्यान दें। परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा।

**कन्या** : स्वास्थ्य और धन दोनों ही पूरे दिन आपके पक्ष में रहेंगे। रोमांस और नौकरी के मामले में आपका दिन बढ़िया रहेगा।

**तुला** : अगर आप बदलाव अपनाते हैं तो आपके करियर या रिश्तों में विकास के अवसर पैदा हो सकते हैं।

**वृश्चिक** : सेहत के मामले में भी दिन बढ़िया रहेगा। नई जिम्मेदारियां आपको व्यस्त रखेंगी लेकिन वित्तीय समृद्धि बनी रहेगी।

**धनु** : ईमानदारी से संवाद करके रिश्तों को मजबूत करें। खुले दिमाग से रहें, अवसरों को अपनाएं।

**मकर** : अप्रत्याशित बदलावों के लिए तैयार रहें, सकारात्मक परिणाम ला सकते हैं। दिक्कतें सॉल्व हो जाएंगी।

**कुंभ** : स्वास्थ्य के मामले में आप अच्छे हैं। खुले दिमाग से काम लें। खुद पर भरोसा करें। व्यक्तिगत लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें।

**मीन** : आधिकारिक कार्यक्रम व्यस्त और उत्पादक है। करियर के मामले में आपको आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

### ज्योतिष/वास्तु

# 18 जुलाई तक कालसर्प योग का असर, इन 4 राशियों के लिए कठिन समय

18 जुलाई 2026 तक इस योग का प्रभाव बना रहेगा। 19 जुलाई को जैसे ही चंद्रमा कन्या राशि में प्रवेश करेगा, यह योग समाप्त हो जाएगा।

ज्योतिष शास्त्र में राहु और केतु को अशुभ प्रभाव वाले ग्रहों में गिना जाता है। वर्तमान समय में राहु कुंभ राशि में स्थित है, जबकि केतु सिंह राशि में विराजमान है। जब किसी व्यक्ति की कुंडली में सभी ग्रह इन दोनों छाया ग्रहों के बीच आ जाते हैं, तब एक विशेष योग बनता है, जिसे कालसर्प योग कहा जाता है। यह योग जीवन में कई प्रकार की चुनौतियां और उतार-चढ़ाव लेकर आता है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, 18 जुलाई 2026 तक इस योग का प्रभाव बना रहेगा। 19 जुलाई को जैसे ही चंद्रमा कन्या राशि में प्रवेश करेगा, यह योग समाप्त हो जाएगा। हालांकि, इस अवधि के दौरान कुछ राशियों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है, क्योंकि यह समय उनके लिए कठिन परीक्षा जैसा हो सकता है।

**सिंह राशि-** सिंह राशि के जातकों के लिए यह समय चुनौतीपूर्ण रह सकता है। आर्थिक मामलों में अस्थिरता आ सकती है और करियर



में भी बाधाएं उत्पन्न होने की संभावना है। इसलिए किसी भी निर्णय को सोच-समझकर लेना जरूरी होगा। वैवाहिक जीवन में तनाव की स्थिति बन सकती है और छोटी-छोटी बातों पर विवाद हो सकता है। इस दौरान अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना बेहद जरूरी है, क्योंकि आपकी कोई बात सामने वाले को आहत कर सकती है।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि वालों को इस अवधि में विशेष सावधानी बरतनी होगी। आपकी बातचीत में कठोरता आ सकती है, जिससे रिश्तों में दूरी बढ़ सकती है। किसी करीबी व्यक्ति से धोखा मिलने की आशंका भी बन रही है। कार्यक्षेत्र में चुनौतियां सामने आ सकती हैं और आपके धैर्य की परीक्षा हो सकती है। इसलिए हर काम को पूरी सतर्कता और समझदारी से करें, ताकि किसी बड़े नुकसान से बचा जा सके।

**कर्क राशि-** कर्क राशि के लोगों के लिए 18 जुलाई तक का समय थोड़ा तनावपूर्ण रह सकता है। काम का दबाव बढ़ सकता है और निजी जीवन में भी विवाद की स्थिति बन सकती है। किसी करीबी व्यक्ति के साथ मनमुटाव होने की संभावना है। आर्थिक मामलों में भी सतर्कता जरूरी है। स्वास्थ्य को नजरअंदाज करना नुकसानदायक हो सकता है, इसलिए अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें और जल्दबाजी में कोई बड़ा निर्णय लेने से बचें।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि के जातकों के लिए यह समय मिलाजुला लेकिन चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। कार्यस्थल पर परेशानियां आ सकती हैं और किसी सहकर्मी या पार्टनर के साथ मतभेद हो सकते हैं। इस दौरान जल्दबाजी में लिए गए फैसले नुकसान पहुंचा सकते हैं। आपकी निर्णय क्षमता थोड़ी कमजोर पड़ सकती है, इसलिए किसी भी महत्वपूर्ण काम में जल्दबाजी न करें। साथ ही, किसी पर आंख बंद करके भरोसा करने से बचें और अपनी सेहत का भी विशेष ध्यान रखें।

### मेसी ने सबसे ज्यादा 8 गोल दागे, स्पेनिश गोलकीपर सिमोन ने सिर्फ 1 गोल खाया


# अर्जेंटीना-स्पेन को फाइनल में पहुंचाने वाले 10 गेमचेंजर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ साउथम्पटन

102 मैच, 31 दिन और 46 टीमों के बाद फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 को दो फाइनलिस्ट मिल गए हैं। डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना लगातार दूसरी बार खिताबी मुकाबले में पहुंचा है, जबकि स्पेन 16 साल बाद फाइनल खेलेगा। दोनों टीमें 19 जुलाई की रात 12:30 बजे ट्रॉफी के लिए आमने-सामने होंगी।

फाइनल तक पहुंचने का रास्ता दोनों टीमों के लिए आसान नहीं रहा। कहीं आखिरी मिनट में मैच पलटा, कहीं एक्स्ट्रा टाइम में जीत मिली तो कहीं गोलकीपर ने शानदार बचाव कर टीम को बाहर होने से बचाया। अर्जेंटीना और स्पेन के इस सफर में 10 खिलाड़ी ऐसे रहे, जो जीत की सबसे बड़ी वजह बने।

**लियोनेल मेसी, कप्तान, फॉरवर्ड-** 39 साल के मेसी एक बार फिर अर्जेंटीना के सबसे बड़े मैच विनर साबित हुए। ग्रुप स्टेज में अल्जीरिया के खिलाफ हैट्रिक लगाई। सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ टीम 85 मिनट तक 0-1 से पिछड़ रही थी, लेकिन आखिरी सात मिनट में मेसी ने दो असिस्ट देकर मैच



पलट दिया। उनके नाम पूरे टूनामेंट में सबसे ज्यादा 8 गोल हैं।

**एंजो फर्नांडीज, मिडफील्डर-** सेमीफाइनल में एंजो ने इंग्लैंड के खिलाफ 25 गज दूर से शानदार शॉट लगाकर बराबरी दिलाई। डिफेंस और अटैक के बीच तालमेल बैठाने, गेंद पर नियंत्रण रखने और खेल की रफ्तार तय करने में उनकी भूमिका बेहद अहम रही।

**लॉटारो मार्टिनेज, स्ट्राइकर-** इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच 1-1 से बराबरी पर था। लॉटारो बतौर सब्स्टिट्यूट खेलने उतरे। इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में उन्होंने हेडर से गोल कर अर्जेंटीना को लगातार दूसरे वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचा दिया।

**क्रिस्टियन रोमेरो, सेंटर बैक-** राउंड ऑफ-16 में मिस्र के खिलाफ अर्जेंटीना 0-2 से पीछे थी। 79वें मिनट में रोमेरो ने गोल कर वापसी की शुरूआत की और अगले 13 मिनट में टीम ने तीन गोल दागकर मैच पलट दिया। डिफेंस में उनके टैकल और इंटरसेप्शन ने कई मजबूत टीमों के हमले रोके।

**जूलियन अल्वारेज, स्ट्राइकर-** स्विट्जरलैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल एक्स्ट्रा टाइम तक खिंच गया था। 112वें मिनट में अल्वारेज ने बॉक्स के बाहर से शानदार गोल कर अर्जेंटीना को सेमीफाइनल का टिकट दिलाया।

- **उनाई सिमोन, गोलकीपर-** स्पेन के फाइनल तक पहुंचने की सबसे बड़ी वजह उसका मजबूत डिफेंस रहा और उस डिफेंस की सबसे मजबूत कड़ी गोलकीपर उनाई सिमोन रहे। उन्होंने पूरे टूनार्मेंट में सिर्फ एक गोल खाया। फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में एमबाप्पे के कई शॉट रोके। उन्होंने सभी मैच मिलाकर 609 मिनट तक गोल नहीं खाने का रिकॉर्ड भी बनाया।
- **लामिन यमाल, राइट विंगर-** यमाल ने अपनी स्पीड और ड्रिब्लिंग से हर मुकाबले में डिफेंडरों को परेशान किया। फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने बॉक्स के अंदर फाउल हासिल किया, जिस पर मिले पेनल्टी को मिकेल ओयारजाबाल ने गोल में बदला।
- **मिकेल ओयारजाबाल, स्ट्राइकर-** स्पेन के सबसे भरोसेमंद फिनिशर ओयारजाबाल ने सेमीफाइनल में पेनल्टी पर गोल कर टीम को शुरूआती बढ़त दिलाई। पूरे टूनार्मेंट में उन्होंने पांच गोल और एक असिस्ट किया।
- **पॉ क्यूबार्सी, डिफेंडर-** 19 साल के क्यूबार्सी ग्रुप स्टेज के हर मिनट मैदान पर रहने वाले इकलौते टीनएजर रहे। उन्होंने 295 में से 290 पास पूरे किए। 16 बार गेंद रिकवर की और सिर्फ एक फाउल किया। एमबाप्पे और रोनाल्डो जैसे स्टार खिलाड़ियों के खिलाफ भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा।
- **पेड्रो पोरो, मिडफील्डर-** पोरो ने मिडफील्ड और अटैक के बीच सबसे मजबूत कड़ी का काम किया। छोटे-छोटे पास और बेहतरीन मूवमेंट से उन्होंने विपक्षी डिफेंस को लगातार तोड़ा। फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में दूसरा गोल कर स्पेन की फाइनल में जगह पक्की कर दी।

## सर गैरी सोबर्स का 89 साल की उम्र में निधन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ डलास

वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर सर गैरी सोबर्स का 89 साल की आयु में निधन हो गया है। एक ओवर की सभी 6 गेंदों पर 6 छक्के लगाने का पहला वर्ल्ड रिकॉर्ड उन्होंने बनाया था। उन्होंने यह कारनामा फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में किया था। उन्होंने 1968 में नॉटिंघमशायर की तरफ से खेलते हुए ग्लेमोर्गन के खिलाफ सेंट हेलेन्स मैदान पर एक ओवर में 6 छक्के जड़े थे।

सोबर्स ने साल 1953 में 16 साल की उम्र में बारबाडोस के लिए अपना फर्स्ट-क्लास डेब्यू किया था। इसके अगले ही साल 1954 में उन्हें वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम में शामिल कर लिया गया। साल 1958 में पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया और नाबाद 365 रन की पारी खेली। यह टेस्ट मैच की एक पारी में किसी भी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर था, जिसे 1994 में वेस्टइंडीज के ही ब्रायन लारा ने तोड़ा। सोबर्स ने साल 1974 में 38 साल की उम्र में संन्यास ले लिया था।

## पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनजोत कालरा श्रीलंका में गिरफ्तार




### खिलाड़ी को रिश्वत देने का आरोप, 2018 अंडर-19 फाइनल में शतक लगाया था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलंबो

पूर्व भारतीय अंडर-19 क्रिकेटर मनजोत कालरा को श्रीलंका में गिरफ्तार किया गया है। उन पर लंका प्रीमियर लीग में एक खिलाड़ी को रिश्वत देने का आरोप लगा है। कालरा एलपीएल की टीम जाफना किंग्स के को-ऑनर हैं। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तारी टूर्नमिंट के छठे सीजन की शुरूआत से कुछ घंटे पहले की गई।

27 साल के कालरा को खेल से जुड़े अपराधों की जांच करने वाली श्रीलंका पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट ने हिरासत में लिया। उन्हें मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने 31 जुलाई तक न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। इस मामले में उनके सहयोगी युवराज पुष्पा को भी गिरफ्तार किया गया है।

श्रीलंकाई पुलिस के अनुसार, कालरा पर लंका प्रीमियर लीग से जुड़े एक खिलाड़ी को पैसों का लालच देने का आरोप है। जांच एजेंसियों ने बताया कि संबंधित खिलाड़ी ने करीब 10 दिन पहले हुई इस कथित पेशकश की जानकारी अधिकारियों को दी थी। कोर्ट में बताया गया कि इस मामले की शिकायत भानुका राजपक्षे, अविष्का फर्नांडो, दुनिथ वेलालागे और दो अन्य खिलाड़ियों ने दर्ज कराई है।

## खबर एक नजर...

### महाराष्ट्र से लापता बुजुर्ग को उज्जैन पुलिस ने खोजा

**उज्जैन।** महाराष्ट्र के बुलढाना से 6 जुलाई को सेना से रिटायर्ड 74 वर्षीय सीताराम पुंडलिक लापता हो गये थे। परिजनों ने उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पिछले 10 दिनों से उनका मोबाइल अलग-अलग जगह ऑन हो रहा था। परिजन लोकेशन मिलने पर उनका पता लगाने के लिये पहुंच रहे थे। गुरूवार को उनकी लोकेशन उज्जैन में महाकाल मंदिर के आसपास मिलने पर परिजन तलाश में उज्जैन पहुंचे। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल से संपर्क कर जानकारी दी थाना प्रभारी ने हमेशा की तरह लापता लोगों की तलाश करने वाले एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान को कमान सौंपी, सीताराम पुंडलिक का मोबाइल ट्रेस किया गया, लेकिन बंद मिला। उनकी तलाश में मंदिर के आसपास होटल-लॉज और धर्मशाला में सर्चिंग शुरू की गई। पता चला कि वह मंदिर के आसपास दिखाई दिये थे। इस दौरान पुलिस उनका मोबाइल लगातार ट्रेस करने का प्रयास कर रही थी। उनकी आखिरी लोकेशन बहादूरगंज क्षेत्र की धर्मशाला के पास मिली। एएसआई चंद्रभान टीम के साथ पहुंचे और क्षेत्र की धर्मशाला में फोटो दिखाकर जानकारी मांगी, पाटीदार धर्मशाला में आईडी चैक करने पर उनके ठहरे होने का पता चल गया। थाना प्रभारी बादल ने बताया कि सीताराम जी परिवार से नाराज होकर घर से निकले थे। 10 दिनों से तलाश कर रहे परिवार ने उज्जैन पुलिस द्वारा उनको सुरक्षित खोज निकालने पर आभार माना और प्रशंसा की। परिवार उन्हे अपने साथ महाराष्ट्र ले गया है।

### तीन बदमाशों ने चालक से मारपीट कर फोड़ा आटो

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गौंसा में रहने वाला सोहन पिता बद्रीलाल चौधरी 48 साल आटो चलता है। रात में आटो से वापस घर लौट रहा था, उसी दौरान गौंसा के टर्न पर उसे 3 युवकों ने रोका, चालक सोहन को लगा सवारी है, उसने आटो रोका उसी दौरान तीनों युवकों ने गाली-गलौच करते हुये मारपीट शुरू कर दी। चालक कुछ समझ पाता और विरोध करता उससे पहले तीनों ने आटो के कांच फोड़ दिये और भाग निकले। चालक ने अपने साथ हुई घटना की शिकायत थाने पहुंचकर दर्ज कराई। उसका कहना था कि तीनों बदमाशों को नहीं पहचानता है, उसकी किसी से दुश्मनी भी नहीं है। पुलिस अज्ञात बदमाशों की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देख रही है।

### हफ्ता नहीं देने पर लोहे के पाईप से किया हमला

**उज्जैन।** फ्रीगंज में डोमीनोज पिज्जा दुकान के सामने मोईन पिता मोहम्मद शरीफ निवासी भैरवगढ़ को मोहम्मद सारिक और उसके 2 साथियों ने दादागिरी करते हुये हफ्ता मांगा, मोईन ने मना किया तो बदमाशों ने उस पर लोहे के पाईप से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। युवक के साथ मारपीट की खबर मिलने पर डायल 112 मौके पर पहुंची। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया और बयान दर्ज कर मामले में बदमाशों के खिलाफ हफ्ता वसूली का प्रकरण दर्ज किया।

### जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक-युवती की हुई मौत

**उज्जैन।** गुरूवार को 2 अलग-अलग घटना में एक युवक और युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। दोनों को परिजनों ने उज्जैन निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां दोनों की शुक्रवार को मौत हो गई। पहला मामला ग्राम नाग गुराडिया का है। जहां रहने वाली 17 वर्षीय कुमारी राधा पिता दशरथ सूर्यवंशी को परिजन निजी अस्पताल लेकर आये थे। दूसरा मामला घट्टिया तहसील का सामने आया। यहां से अमन पिता प्रेमनारायण राठी 22 साल को जहरीला पदार्थ खाने के बाद उज्जैन लाया गया था। दोनों की मौत होने पर माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराये। दोनों मामलों की जांच संबंधित थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

### फंदे पर लटके युवक को परिजनों ने उतारा

**उज्जैन।** नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के कालापत्थर क्षेत्र में रहने वाले संजय जयसवाल 35 साल ने शुक्रवार शाम गले में फंदा डाल लिया था। उसे परिजनों ने लटका देखा तो नीचे उतारा, उसी सांसे चल रही थी, उसे चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। युवक की सूचना ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा पुलिस को दी गई है। फिलहाल यह सामने नहीं आया कि उसने आत्मघाती कदम क्यों उठाया है।

### एआई मानव मस्तिष्क और आत्मा पर कभी हावी नहीं हो सकता

**उज्जैन।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रति हमें सकारात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए। एआई कभी भी मानव मस्तिष्क और आत्मा पर हावी नहीं हो सकता। यह बात डॉ. अंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अनुसिंह लाथर ने सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में आयोजित स्टार्टअप समिट लीडरशिप कोहोर्ट 2026-4.0 के दूसरे दिन कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य विद्यार्थियों को सिर्फ डिग्री बांटना नहीं है, बल्कि उनके कौशल और दक्षता को पहचान कर उन्हें पारंगत करना है। विश्वविद्यालय इसी संकल्पना पर काम कर रहा है। एमएसएमई इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर के समन्वयक डॉ. उमेश कुमार सिंह ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि भारत दुनिया के अग्रणी स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में उभर रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 468-8 | 245-1 |
| मेन बाजार | 145-0 | 338-4 |
| मिलन डे | 280-0 | 238-3 |
| मिलन नाइट | 347-4 | 244-0 |

5 8 0

## एक का हाथ काट छीने रुपए, दूसरे की गर्दन पर किया हमला

# चाकू मारकर बाइक सवार ने फैलाई दहशत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बाइक पर सवार बदमाश ने शुक्रवार शाम 2 थाना क्षेत्र में 10 मिनट के अंतराल में चाकूबाजी कर दहशत फैला दी। एक का हाथ काटकर 2 हजार रुपए छीन लिये, दूसरे की गर्दन पर कातिलाना हमला किया। बदमाश को लोगों की मदद से पकड़ लिया गया। जिसे माधवनगर पुलिस को सौंपा गया है।

हरिफाटक ब्रिज के पास रहने वाला अयुब पिता अब्दुल गफ्फार 45 साल मिस्त्री का काम करता है। काम खत्म होने के बाद पैदल शाम 7 बजे के लगभग चामुंडा माता चौराहा पर काम्पलेक्स के सामने से गुजर रहा था। उसी दौरान बाइक सवार बदमाश आया और चाकू से हमला किया, अयुब का एक हाथ बुरी तरह से जख्मी हो गया, बदमाश ने उससे 2 हजार रुपए छीने और फ्रीगंज ब्रिज की ओर भाग निकला। ब्रिज उतरते ही उसने फल का ठेला लगाने वाले जगदीश शर्मा निवासी कमल कालोनी से वारदात का प्रयास किया, बदमाश उसे धमका रहा था तभी वहां कपड़े का ठेला लगाने वाला मोहम्मद सईद पित मोहम्मद हबीब 46 साल बीच-बचाव करने आ गया। बदमाश ने चाकू से मोहम्मद सईद का गला रेत दिया। 10 मिनट के अंतराल में हुई चाकूबाजी से दहशत फैल गई। दोनों घायलों को रक्त रंजीत हालत में चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख तत्काल ऑपरेशन थियेटर में भेजा। अयुब के हाथ की नस कट चुकी थी, मोहम्मद सईद के गले पर गहरा घाव था। अस्पताल स्टॉफ द्वारा देवासगेट और माधवनगर थाना पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी मिलने पर दोनों घायलों के परिजन अस्पताल पहुंच गये थे।





### बिछडोद का रहने वाला है बदमाश

बताया जा रहा है कि माधवनगर थाना पुलिस की हिरासत में बदमाश बिछडोद का रहने वाला कमल पिता देवीलाल है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है, वह नशे की हालत में होने पर बेहूदी बाते कर रहा था। उसका कहना था कि कोर्ट में जमानत देने का काम करता हूं। 4-5 की जमानत दे चुका हूं। इसीलिये उज्जैन आया था। फिलहाल पुलिस उसके संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। घायलों के बयान दर्ज उसके खिलाफ जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया जायेगा।

### भागने से पहले हिरासत में आया बदमाश

ग्राउंड होटल के पास चाकूबाजी कर दहशत फैलाने के बाद बाइक से भागने का प्रयास कर रहे बदमाश को लोगों ने घेर लिया वह नशे की हालत में था, उसने चाकू लहराकर भागने का प्रयास किया लेकिन कुछ लोगों ने पत्थर मार उसे गिरा दिया। कुछ दूरी पर यातायात पुलिस का पाइंट लगा था, तत्काल पुलिसकर्मी पहुंचे और बदमाश को दबोच लिया गया। घटनाक्रम के चलते कुछ देर के लिये फ्रीगंज ब्रिज पर यातायात बाधित हो गया था, बदमाश को माधवनगर थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया और ब्रिज पर लगा जाम खुलवाया गया।

## रिमांड पर लूटपाट करने वाला भोपाल का बदमाश

# नानाखेड़ा से चुराई थी स्कूटी, 3 थानों से चुराई थे मोबाइल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सुभाषनगर में चाकू की नोंक पर सोने की चेन, घड़ी और अलखधाम में मोबाइल स्नेचिंग करने के साथ शास्त्रीनगर में चेन झपटने का प्रयास करने वाले भोपाल के बदमाश को नीलगंगा थाना पुलिस ने शुक्रवार को रिमांड पर लिया गया। बदमाश ने नाबालिग साथियों के साथ मिलकर नानाखेड़ा से स्कूटी चुराई थी और 3 थाना क्षेत्र में मोबाइल स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया था।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि सुभाषनगर ओम रेसीडेंसी में रहने वाले तुषार पिता मुकेश किशनानी और उसकी मां भावना, भाई कृष्णा के साथ 14 जुलाई की रात स्कूटी सवार 3 बदमाशों ने चाकू की नोंक पर सोने की चेन और घड़ी लूटने की वारदात को अंजाम दिया था। तीनों बदमाशों ने शास्त्रीनगर में अशोक धनवानी से चेन झपटने का प्रयास करते हुये अलखधाम में शुभम सेन से मोबाइल छीन लिया था। पुलिस ने 24 घंटे में तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया था। बदमाशों में 2 नाबालिग थे, जो उज्जैन के रहने वाले है। उनका साथी कुणाल कटारिया भोपाल के बैरागढ़ में रहता है और उज्जैन में रिश्तेदार के यहां आया हुआ था। शुक्रवार दोपहर तीनों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से नाबालिगों को बाल संप्रेक्षणगृह भेजा भोपाल के बदमाश को 3 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वारदात में प्रयुक्त स्कूटी नानाखेड़ा क्षेत्र से चुराई थी। उस पर सवार होकर नानाखेड़ा, पंवासा और माधवनगर थाना क्षेत्र में मोबाइल स्नेचिंग को भी अंजाम दिया था। मोबाइल इंदौर में ठिकाने लगाये है। थाना प्रभारी के अनुसार इंदौर में चोरी के मोबाइल खरीदने वाला पूर्व में भी 800 मोबाइल के साथ इंदौर पुलिस की हिरासत में आ चुका है। फिलहाल वह इंदौर से फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

## जंगल में बांधकर रखी थी, पुलिस बरामद कर लाई

# रिमांड पर टूटे आरोपियों ने कबूली भैंस चोरी की वारदात

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बिना नम्बर की बोलेरो पिकअप में अवैध शराब का परिवहन करते हिरासत में आये 2 आरोपियों को रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ में टूटे दोनों आरोपियों ने 3 भैंस चोरी की वारदात भी कबूल कर ली। पुलिस ने भैंसों को बरामद कर दोनों बदमाशों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 16 जुलाई को बिना नम्बर की बोलेरो पिकअप में अवैध शराब का परिवहन कर रहे सुरेश पिता कालूराम गायरी 30 साल निवासी खासपुरा आलोट जिला रतलाम और धीरब पिता धुला कंजर 22 साल निवासी ग्राम अरनिया डेरा थाना गंगधार जिला झालावाड राजस्थान को गिरफ्तार किया गया था। उनके पास से 30 लीटर कच्ची जहरीली शराब बरामद होने पर कोर्ट में पेश किया गया और पूछताछ के लिये एक दिन का रिमांड मांगा गया। रिमांड अवधि में सख्त पूछताछ करने पर दोनों टूट गये और 14 जुलाई की रात ग्राम खजुरिया मंशुर में खेत पर बने कमरे का ताला तोड़कर 2 भैंस और एक पाड़ी चोरी करना भी कबूल कर लिया। भैंसे चोरी होने की शिकायत 2 दिन पहले संजय बगाना द्वारा दर्ज कराई गई थी। उसने बताया था कि 15 जुलाई की सुबह जब खेत पर बंधी भैंसों का दूध निकालने पहुंचा तो 2 भैंस और एक पाड़ी गायब थी। थाना प्रभारी के अनुसार अवैध शराब का परिवहन करने वालों से भैंस चोरी का खुलासा होने पर भैंस बरामद करने के प्रयास शुरू किये गये। दोनों आरोपियों ने ग्राम पिपल्याभीम के जंगल में भैंसों को बांधकर छुपा रखा था। भैंसों की बरामदगी के लिये एसआई सुखसेन अरियाम, अन्नपूर्णा कठेरिया, प्रधान आरक्षक विजयसिंह, आरक्षक आदिराम, राघवसिंह की टीम को रवाना किया गया। जंगल में बंधी दोनों भैंस और पाड़ी मिल गई। जिसकी कीमत ढाई लाख रुपए से अधिक होना सामने आई। दोनों बदमाशों का रिमांड खत्म होने पर कोर्ट में पेश किया गया था। जहां से न्यायिक हिरासत में महिदपुर सबजेल भेजा गया है।



# होटल की छत पर हाईटेंशन लाइन से टकराया प्लम्बर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

हरिफाटक ब्रिज के पास शुक्रवार शाम हादसा हो गया। होटल की छत पर काम कर रहा प्लम्बर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। उसे उपचार के लिये अस्पताल लाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक अनिस ने बताया कि हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से करंट लगने पर झुलसे आशु पिता नसीब खां 38 साल निवासी बापूनगर के अस्पताल में भर्ती होने की खबर मिली थी। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने बताया कि हालत खतरे से बाहर है, लेकिन उपचार के लिये भर्ती किया गया है। आशु के बयान दर्ज करने पर उसने बताया कि वह प्लम्बर का काम करता है। हरिफाटक ब्रिज के पास होटल गैलेक्सी की छत पर काम करने चढ़ा था। जहां पानी की टंकी लगाई जा रहा थी। उसी दौरान होटल के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाईन की चपेट में आ गया। घटनाक्रम के बाद होटल में हडकंप मच गया था, लोगों की मदद से उसे छत से नीचे उतारा गया और अस्पताल पहुंचाया गया है। प्रधान आरक्षक के अनुसार बयान दर्ज कर जांच शुरू की गई है। लापरवाही आने पर संबंधित के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जा सकता है। विदित हो कि कुछ दिनों पहले हरिफाटक ब्रिज मार्ग पर बारिश के बीच हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने पर बाइक सवार युवक की मौत हो गई थी। शुक्रवार शाम हुई घटना भी उसी घटनास्थल से चंद कदमों की दूरी पर है।

### इंगोरिया में गुरूवार रात हुआ था हादसा

हाईटेंशन लाइन से करंट लगने का एक हादसा इंगोरिया थाना क्षेत्र की पुलिया के पास गुरूवार रात हुआ था। थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि ग्राम में रहने वाले जेसीबी चालक संदीप पिता मेहरबान भाटी 30 साल के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। उसे सीमेंट की बोरियों को बारिश से बचाने के लिये गुमटी की जरूरत थी। उसने ग्राम में सरपंच पति नरेन्द्र से पुलिया के पास रखी उसकी गुमटी मांगी। नरेन्द्र ने देने की अनुमति दी। संदीप 2 साथियों मेहरबान और दिनेश के साथ जेसीबी से गुमटी उठाने पहुंचा, उसी दौरान जेसीबी का पंजा ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गया और करंट लगने से संदीप की मौत हो गई। उसके दोनों साथियों को भी करंट का झटका लगा था, लेकिन वह बच गये। संदीप को परिजन उज्जैन चरक अस्पताल ले गये थे। शुक्रवार को अस्पताल पुलिस चौकी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। मर्ग डायरी मिलने पर आगे की जांच शुरू की जायेगी।

# नशे से दूरी है जरूरी का आमजन को दिया संदेश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नशा मुक्त अभियान में पुलिस ने मैदान संभाल लिया है और नशे से दूरी है जरूरी का संदेश छात्र-छात्राओं के साथ आमजन तक पहुंचाया जा रहा है। शुक्रवार को पूरे जिले में जागरूकता जागरूकता कार्यक्रम किये गये। इस दौरान नशे से दूरी की शपथ भी दिलाई गई।

नशे के अवैध कारोबार में शामिल तस्करों को सलाखों के पीछे भेजने वाली पुलिस ने अब नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान की शुरूआत कर जागरूकता का संदेश देना शुरू कर दिया है। जिसका मुख्य उद्देश्य स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त समाज के निर्माण करना है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा पूरे जिले में अभियान शुरू किया गया है। शुक्रवार को अभियान में एक साथ चिंतामन गणेश, भैरवगढ़, पंवासा, नागदा, उन्हेल, भाटपचलाना, कायथा, तराना, नरवर, घट्टिया, बड़नगर और महिदपुर रोड थाना पुलिस की टीम मैदान में उतरी। विद्यालयों, बस्तियों, सार्वजिनक स्थानों पर पहुंचकर नशे के दुष्परिणामों का संदेश दिया और नशे से दूरी है जरूरी की सामूहिक शपथ दिलाई। अभियान में पुलिस द्वारा रैलियां आयोजित की जा रही है, विद्यालयों में छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृखंला बनाकर नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया जा रहा है।



## सतवास में 12 निजी स्कूलों की यूनिफॉर्म बेचने वाली दुकान प्रशासन ने सील की

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

निजी स्कूलों की यूनिफॉर्म को लेकर मिल रही शिकायतों पर शुक्रवार को देवास जिला प्रशासन ने सतवास में बड़ी कार्रवाई करते हुए कान्हा कलेक्शन दुकान को सील किया है। इस दुकान पर 12 निजी स्कूलों की यूनिफॉर्म का विक्रय किया जा रहा था। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर जिला परियोजना समन्वय अधिकारी अजय मिश्रा के नेतृत्व में शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान सतवास तहसीलदार अवधेश कुमार यादव और थाना प्रभारी दिलीप पुरी मौजूद रहे।

# स्वीमिंग पूल खेल विभाग को देने की तैयारी शुरू

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

**एमआईसी से पास, शासन स्तर पर अनुमति बाकी**

नगर निगम कार्यालय के पीछे बना अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्वीमिंग पूल अब खेल विभाग को दिया जाएगा। निगम ने इसके लिए शासन स्तर पर प्रस्ताव भेजा है। अनुमति के बाद पूल का संचालन, रखरखाव और उपयोग की जिम्मेदारी खेल विभाग संभालेगा। निगम ने इसका उद्देश्य बताया कि कि यह सुविधा शहर के खिलाड़ियों और तैराकों के बेहतर प्रशिक्षण के लिए उपयोग में आ सके।

करीब 10 करोड़ की लागत से वर्ष 19 में तैयार स्वीमिंग पूल का शुरूआती संचालन ननि ने किया था। हालांकि रखरखाव और संचालन संबंधी चुनौतियों के चलते बाद में इसे निजी एजेंसियों को सौंपने की प्रक्रिया शुरू की गई। पिछले वर्ष टेंडर के बाद कुछ समय के लिए निजी कंपनी ने संचालन भी किया, लेकिन गर्मी के मौसम में संचालन अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं हो सका।

**एमआईसी में हस्तांतरण को लेकर उठे थे सवाल-** स्वीमिंग पूल को खेल विभाग को देने का प्रस्ताव नगर निगम की एमआईसी बैठक में पारित हो चुका है। हालांकि निगम की भूमि अन्य विभाग को सौंपने को लेकर शुरूआती स्तर पर सवाल उठे थे, लेकिन बाद में अधिकांश सदस्यों ने इसे खेल विभाग को देने पर सहमति जताई। इसके बाद निगम ने शासन को प्रस्ताव भेज दिया।

नगर निगम अपर आयुक्त संतोष टैगोर ने बताया कि प्रस्ताव की आगे की प्रक्रिया जारी है। शासन से अनुमति मिलने के बाद खेल विभाग ही पूल के संचालन और भविष्य की योजना तय करेगा।

## सीबीएन की बड़ी कार्रवाईः मक्का के खेत में पीछा कर

# 1.63 किलो अफीम जब्त, तस्कर बाइक छोड़ भागा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

**दूसरी रेड में 100 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ युवक गिरफ्तार**

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की मध्य प्रदेश इकाई ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लगातार दो बड़ी कार्रवाइयों को अंजाम दिया है। सीबीएन गरोठ सेल की विशेष टीमों ने दो अलग-अलग अभियानों में 1.636 किलोग्राम अवैध अफीम और 100 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी ड्रग्स) बरामद की है। पहली कार्रवाई में एक तस्कर फिल्मी अंदाज में पुलिस को चकमा देकर मक्का के खेत में बाइक और अफीम छोड़कर भाग निकला, जबकि दूसरी कार्रवाई में एक आरोपी को रंगे हाथों दबोचा गया।

**केस 1: नाकेबंदी तोड़कर भागा तस्कर, मक्का के खेत में फेंका पैकेट-** 15 जुलाई को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सीबीएन की टीम ने पिपलोद क्षेत्र से मऊ-नीमच मार्ग पर घेराबंदी की थी। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह रफ्तार बढ़ाकर भाग निकला। अधिकारियों ने उसका पीछा किया। आरोपी बाइक लेकर मक्का के एक खेत में घुस गया, जहां आगे रास्ता बंद होने पर वह बाइक और एक संदिग्ध पैकेट वहीं फेंककर फरार हो गया। पैकेट की जांच करने पर उसमें से 1.636 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

**केस 2: पल्सर के वाइजर और स्पीडोमीटर के बीच छिपा रखी थी 100 ग्राम एमडी-** 16 जुलाई को ब्यूरो को दूसरी सफलता मिली। सूचना थी कि सुसनेर से शामगढ़ की ओर एक पल्सर बाइक से एमडी ड्रग्स की सप्लाई होने वाली है। टीम ने ग्राम धमनिया दीवान स्थित विद्युत उपकेंद्र के पास कड़ी निगरानी रखी। संदिग्ध बाइक को रोककर जब उसकी गहन तलाशी ली गई, तो हेडलाइट के वाइजर और स्पीडोमीटर के बीच बने खाली स्थान में छिपाकर रखी गई 100 ग्राम अवैध मेफेड्रोन बरामद हुई। मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर बाइक जब्त कर ली गई है।

**बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज खंगाल रही टीम-**

**कुल जब्तीः** 1.636 किलोग्राम अफीम और 100 ग्राम एमडी ड्रग्स।

**कार्रवाईः** एक आरोपी गिरफ्तार, दो मोटरसाइकिलें जब्त, एक तस्कर फरार।

**जांच का फोकसः** सीबीएन की टीम अब इस गिरोह के नेटवर्क (सप्लाई चेन) का पता लगा रही है कि यह माल कहां से लाया जा रहा था और इसकी डिलीवरी किसे होनी थी।

Madhu
मधु चाय कैफे
10, दौलगंज चौराहा
उज्जैन
+91-9111033138

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com